इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166


वर्ष- 43 | अंक -262 | राजनांदगांव, शुक्रवार 09 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## भारतीय हॉकी टीम ने भारत को दिलाया चौथा कांस्य पदक



पेरिस। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को कांस्य पदक मुकाबले स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। आज यहां यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहला क्वार्टर में गोल रहित रहा। हांलाकि इस दौरान भारत ने नौ बार आक्रामक तरीके से सर्कल में प्रवेश किया लेकिन स्पेनिश गोलपोस्ट में गोल करने में सफल नहीं हुये।

उसके बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत करते हुए केवल तीन मिनट बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक को मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोलकीपर पीआर श्रीजेश को चकमा देते हुए शीर्ष-दाएं कोने से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीति ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने कर 1-1 से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीति ने फिर से गोल दाग कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसकी के साथ ही टूर्नामेंट में हरमनप्रीति के गोलों की संख्या 10 हो गई।

भारतीय कप्तान को दो मिनट बाद गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन वह स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देने में विफल रहे। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और कई पेनल्टी कार्नर के मौके बनाये लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

# संसद में अटका वक्फ बोर्ड बिल, अब जेपीसी को भेजा जाएगा

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' और 'मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024' को पेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा नाम पुकारे जाने पर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू जब सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' को पेश करने के लिए खड़े हुए तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव सहित पूरा विपक्ष विरोध में सदन में खड़े हो गए। विपक्षी दलों की तरफ से बोलते हुए कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल एवं इमरान मसूद, सपा से अखिलेश यादव एवं मोहिब्बुल्लाह, टीएमसी से सुदीप बंदोपाध्याय, एनसीपी (शरद पवार) से सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम से असदुद्दीन ओवैसी के अलावा डीएमके, आईयूएमएल, सीपीआई, सीपीआई (एम), आरएसपी, वीसीके सहित अन्य कई विपक्षी दलों के सांसदों ने इसे संविधान और मुसलमान विरोधी बताते हुए इसे पेश करने का विरोध किया।

### लोकसभा में अटका बिल

वक्फ बोर्ड बिल जिसे लोकसभा में पेश किया गया था, वो अटक गया है। अब यह बिल संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाएगा। विधेयक में शामिल प्रावधानों पर विपक्षी दलों की आपत्ति के बाद किरेन रिजिजू ने प्रस्ताव रखा कि इसको ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) को भेज दिया जाए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि हां, जल्द ही कमेटी बनाऊंगा। स्पीकर अब दोनों सदनों के



सदस्यों की एक जेपीसी बनाएंगे जो इस विधेयक के पहलुओं और सांसदों की आपत्तियों पर विचार करेगी और संसद को अपनी सिफारिश सौंपेगी।

### किन-किन दलों ने किया समर्थन

मोदी सरकार द्वारा लाई गयी इस संशोधन बिल का कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके, माकपा, भाकपा, वाईएसआर कांग्रेस आदि पार्टियों ने विरोध किया, वहीं सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ह्ष्ठ) में शामिल जनता दल यूनाइटेड, तेलुगु देशम और शिवसेना ने समर्थन किया। श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला करते हुए कहा, 'जो देश की व्यवस्थाओं को जाति-धर्म के आधार पर चलाना चाहते हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए। इस विधेयक का मकसद पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाना है लेकिन संविधान पर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। जो लोग विरोध कर रहे हैं, उनकी सरकार ने जब महाराष्ट्र में शिर्डी, महालक्ष्मी मंदिरों में प्रशासक बैठाये थे, उन्हें संविधान एवं संघीय ढांचे की याद क्यों नहीं आयी। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस सांसद और महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह विधेयक संविधान विरोधी है और एक समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है। संविधान में हर समुदाय को अधिकार है कि वह अपनी धार्मिक, चैरिटेबल आधार पर चल अचल संपत्ति रखे। इस विधेयक में वक्फ़ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने की बात कही गई है। क्या अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में गैर हिन्दू हो सकते हैं। यह धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर आक्रमण है और संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर हमला है। भारत की संस्कृति में सब एक दूसरे की आस्थाओं एवं धार्मिक विश्वासों का आदर करते हैं। लेकिन यह कदम उनमें विभाजन पैदा करेगा।

### अखिलेश पर भड़क गए अमित शाह

अखिलेश यादव के बयान पर गृह मंत्री अमित शाह भड़क गये। उन्होंने कहा, गोलमोल बात नहीं कीजिये। अध्यक्ष के अधिकार पूरे सदन के अधिकार हैं और अखिलेश यादव उन अधिकारों के संरक्षक नहीं हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में खड़े होकर कहा कि आजादी के बाद वक्फ बोर्ड के कानून में संशोधन होने के बाद 'मुसलमान वक्फ कानून-1923' का अस्तित्व अपने आप ही समाप्त हो गया था। लेकिन, इसे कागजों से नहीं हटाया गया। शाह ने कहा कि यह बिल (मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024) 1923 में बने (मुसलमान वक्फ कानून-1923) कानून को सिर्फ कागजों से हटाने के लिए लाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है। ध्वनिमत से यह विधेयक भी सदन में पेश हो गया।

### कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए ये विधेयक लेकर आई है - अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा, यह विधेयक सोची समझी राजनीति से लाया गया है। जब वक्फ़ बोर्ड में सदस्यों को लोकतांत्रिक ढंग से चुने जाने की व्यवस्था है तो मनोनयन करने की जरूरत क्यों है। क्यों गैर बिरादरी का व्यक्ति बोर्ड में होना चाहिए। सच्चाई यह है कि भाजपा हताश और निराश है और चंद कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए ये विधेयक लेकर आई है। ये विधेयक इसलिये लाया गया है कि ये अभी अभी हारे हैं। अध्यक्ष का पद लोकतंत्र का न्यायालय होता है लेकिन अध्यक्ष के अधिकारों को भी काटा जा रहा है।

## राहुल गांधी ने पार्टी के सांसदों के साथ की बैठक, सरकार को घेरने के लिए बनाई खास रणनीति



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के सांसदों के साथ बैठक की। उन्होंने सरकार को घेरने के लिए जरूरी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सांसदों से कहा कि वह संसद के अंदर ज्वलंत मुद्दों को उठाएं, जिससे सरकार को घेरा जा सके।

उन्होंने बेरोजगारी-पेपर लीक, किसान, महंगाई से परेशान आमलोगों की समस्याओं से लेकर बांग्लादेश के हिंसक तख्तापलट और देश की सीमा पर चीन की चुनौतियों जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। बैठक में पार्टी के सांसदों से कहा गया कि वह राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान दें, लेकिन अपने इलाकों के मुद्दों को ना भूलें। उनसे जुड़े मुद्दों को संसद में रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस बैठक के बाद यह देखा जाएगा कि कौन सदस्य कितनी सक्रियता के साथ मुद्दों को उठाता है। राहुल गांधी की लोकसभा का नेता चुने के बाद पार्टी के सांसदों के साथ पहली बैठक थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सांसदों के कामकाज की रिपोर्ट होगी तैयार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी ने तय किया है कि वह अपने सांसदों के काम का आकलन शुरू करेगी। कांग्रेस ने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए एक निगरानी समिति बनाई है। यह एक मानक कसौटी पर सांसदों के प्रदर्शनों का आकलन करेगी।

## शराब घोटाला : अनवर-एपी की रायपुर वापसी, ईडी ने कोर्ट में किया पेश, रिमांड में लेकर करेगी पूछताछ

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नकली होलोग्राम और शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी को मेरठ जेल में बंद हैं। गुरुवार को दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लाया गया है। दोनों को आज रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। ईडी दोनों की रिमांड मांग सकती है। बताया जाता है कि, दोनों आरोपियों को यूपी से प्रिजन वैन से ईडी दफ्तर में लाया गया।



### जेल से आते ही यूपी एसटीएफ ने किया था गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि, शराब घोटाले मामले में ईओडब्लू ने अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया था. जहां पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। इसी बीच हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद अनवर ढेबर के जेल से बाहर आते ही 18 जून की रात यूपी एसटीएफ ने प्रोडक्शन वारंट पर उसे गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद 19 जून को यूपी एसटीएफ उसे अपने साथ ले गई थी।

उसके बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए एपी त्रिपाठी को भी साथ लेकर गई थी। तब से दोनों मेरठ जेल में बंद थे। उल्लेखनीय है कि, शराब घोटाले मामले में अप्रैल 2024 को ईडी ने नई ईसीआईआर दर्ज की थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोहम्मद यूनुस बने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख, पद और गोपनीयता की शपथ ली

ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के जाने के बाद अंतरिम सरकार का गठन हो गया है। मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली।



बंगभवन में आयोजित किए गए शपथ ग्रहण समारोह में मोहम्मद यूनुस समेत अंतरिम सरकार के सभी सदस्यों को बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुखिया चुना गया था। अब उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ले ली है।

### 'हमारी सरकार देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी'

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो. मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। पेरिस से ढाका लौटने के बाद हवाईअड्डे पर यूनुस का सेना प्रमुख वकार उज जमां, वरिष्ठ अधिकारियों और छात्र नेताओं ने स्वागत किया था। इस दौरान उन्होंने कहा, उनकी सरकार का पहला काम कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाना, अव्यवस्था को नियंत्रित करना और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को रोकना होगा। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को साजिश बताया।

उन्होंने जनता से आग्रह किया कि देश के पुनर्निर्माण में उनका साथ दें। 2006 में शांति का नोबल हासिल करने वाले यूनुस ने कहा, आज हमारे लिए गर्व का दिन है। हमने दूसरी बार आजादी हासिल की है और हमें इसे सुरक्षित रखना है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जनदर्शन में एक समस्या ऐसी भी - ग्रामीण बोला- मेरी पत्नी गुम गई है सीएम साहब... ढुंढ़वा दीजिये

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री आवास में जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कुछ लोग ऐसी समस्याएं भी लेकर पहुंच रहे हैं, जो सुनने में हास्यास्पद तो लगती हैं, लेकिन उनका समाधान स्थानीय स्तर पर क्यों नहीं निकला? यह भी सोचनीय विषय है।

इसी तरह की एक समस्या लेकर पहुंचे राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव के रहने वाले नंदकिशोर। उन्होंने अपनी पीड़ा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताई। उन्होंने कहा कि, उनकी पत्नी पिछले छह माह से लापता है। पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक कुछ खबर नहीं मिल पाई है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने उनकी बातों को सुनकर तत्काल राजनांदगांव के एसपी को फोन घुमाया और नंदकिशोर की पत्नी की खोज-खबर करने के निर्देश दिए हैं।

### किसानों की समस्या सुनते सीएम साय

सीएम जनदर्शन में आज बलौदाबाजार जिले के ग्राम डोंगरिया से किसान अपने आवेदन लेकर पहुंचे। किसानों ने बताया कि उनकी फसल अपोलो कंपनी के प्रदूषित पानी से खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ की फसल कंपनी के दूषित केमिकल की वजह से खराब हुई। फिर रबी की फसल भी दूषित केमिकल की वजह से खराब हो गई है। इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों को कई बार मौखिक आग्रह किया गया लेकिन इस पर कंपनी ने कोई कार्रवाई नहीं की। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजनीतिक मामलों में दर्ज एफआईआर समाप्त करेगी छत्तीसगढ़ सरकार



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार राजनीतिक मामलों में दर्ज स्नढ्ढक्र समाप्त करेगी। इसे लेकर गुरुवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता बैठक हुई। ये बैठक उनके सरकारी बंगले में थी। मंत्रिपरिषद की उपसमिति की बैठक में राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज अपराधों पर बात हुई। इनके केस खत्म करने पर अफसरों से मंत्रियों ने बात की।


इस बैठक में मंत्रिपरिषद के उप समिति के सदस्य कृषि मंत्री राम विचार नेताम, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एक उम्मीद की कहानी दिव्यांग कोमल लहरे का संघर्ष और नई शुरुआत



रायपुर (दावा)। संघर्ष की धरती पर उगता एक नया सूरज। यह कहानी है ग्राम सेरीखेड़ी के दिव्यांग कोमल लहरे की जो जीवन की हर कठिनाई का सामना कर अपने परिवार के लिए एक बेहतर कल की उम्मीद जगा रहे हैं। दिव्यांग कोमल लहरे एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जिनकी जीवनयापन का साधन गाँव के ही बाजार में आलू-प्याज बेचकर चलता था। लेकिन उनका जीवन हमेशा से इतना सरल नहीं था। कोमल 80 प्रतिशत दिव्यांगता के साथ जन्मे थे, और उनका हर दिन जीवन की चुनौतियों से लड़ते हुए गुजरता था।

उनके परिवार में उनकी पत्नी भी दिव्यांग हैं और उनके दो मासूम बच्चे, जिनकी आँखों में सपने और दिल में उम्मीदों का बसेरा है। जीवन की इस कठिनाई में दिव्यांग कोमल का हौसला कभी नहीं टूटा। अपनी दिव्यांगता को चुनौती मानकर उन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का हर संभव प्रयास किया। लेकिन पैरों में लगे पहियों के बावजूद उनका सफर आसान नहीं था। कई बार जीवन की कठिनाइयों ने उन्हें थकाया लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। इस मार्मिक संघर्ष की कहानी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने मुख्यमंत्री जनदर्शन के दौरान आई। जनदर्शन कार्यक्रम में दिव्यांग कोमल की यह दास्तान सुनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों मिली इस ट्राई साइकिल ने कोमल के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण जगाई है। अब वे अपने व्यवसाय को और भी बेहतर तरीके से कर सकेंगे और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित कर सकेंगे।




## महादेव सट्टा एप से संबंधित पैसों का होता था लेन-देन

रायपुर (दावा)। महादेव सट्टा ऐप से संबंधित एक बड़ी खबर सामने आ रही है. मध्यप्रदेश की रायगढ़ पुलिस ने प्रतिबंधित महादेव सट्टा ऐप और लोटस ऐप में पैसों के अवैध लेनदेन हेतु ग्रामीणों को गुमराह कर उनके बैंक अकाउंट का आपराधिक दुरुपयोग करने पर गिरोह के दो सदस्यों और स्थानीय इंडसइंड बैंक प्रबंधक और कर्नाटका बैंक के कर्मचारी को गिरफ्तार किया है. जिनसे खुलवाये गये खाता धारकों के खाता किट की भी जब्त की गई है. पुलिस आगे की जांच कर रही है. चारों आरोपियों को धोखाधडी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है. महादेव सट्टा ऐप का मामला काफी चर्चा में रहा है. छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम भी इस केस में आ चुका है।



### परिचित लोगों का खुलवाते थे बैंक खाते

सराईभद्दर रायगढ़ के रहने वाले जीवनलाल साहू का करीब सात-आठ महीने पहले उनरे पूर्व उसके परिचित अरूण रात्रे ने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर इंडसइंड बैंक रायगढ़ में खाता खुलवाया था, जीवन साहू को उसके खाते में कभी रकम लेन-देन होने की जानकारी मोबाईल मैसेज और ई-मेल पर मिली, जिसके बाद वो खाता खोलने वाले बैंक मैनेजर दिनेश यादव से मिले जो अपनी व्यस्तता बताकर बैंक से लौटा देते थे, इसी दौरान इसे जानकारी मिली कि अरूण रात्रे ने सराईभद्दर और आसपास के कई लोगों का खाता खुलवाया है. जब इन्होंने रात्रे से पूछताछ की तो अरूण भी गोल मोल बातें करने लगा और घूमाने लगा।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

इसके बाद इन्होंने पुलिस में शिकायत की. मामला एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के संज्ञान में आने पर साइबर सेल एंव थाना प्रभारी जूटमिल को बारीकी से जांच करने निर्देशित किया गया. थाना प्रभारी जूटमिल ने दिनांक 22 जून को धारा 420, 120(बी), 409 आईपीसी धारा 8 अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### कमीशन के लालच में खुलवाए बैंक खाते

वहीं अन्य आरोपी सुनील साहू ने बताया कि उसका संपर्क सट्टा गिरोह के साथ हुआ, जिन्होंने उसे बैंक खाते खुलवाने की एवज में 15000 से 20000 रुपए देने की बात कही, उसने अपने परिचित अरुण रात्रे को ये बात बताई अरुण रात्रे और दोनों ने जाकर इंडसइंड बैंक जाकर बैंक (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# नाग पंचमी: आज पूजे जाएंगे नाग देवता

## विश्व आदिवासी दिवस की रहेगी धूम, बाजार में दूध सहित पूजन सामग्रियों की बढ़ी मांग

राजनांदगांव(दावा)। श्रावण मास के शुक्ल की पंचमी तिथि को आज पूरे अंचल भर में नाग पंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। भगवान शिव के मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के गले में लिपटे रहने वाले नाग देवता आज पूरी भक्ति-भाव के साथ पूजे जाऐंगे। आज शुक्रवार को शहर के विभिन्न नाग मंदिरों सहित भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में नाग देवता के पूजन की धूम रहेगी। भक्तजनों का सुबह से ही मंदिरों में तांता लगा रहेगा। भगवान शंकर के गले का हार नाग देवता का दूध, जलार्पण व बेलपत्र, धतुरा, बिल्व फल सहित कनेर फूल, फुडहर पुष्प आदि सहित नारियल चढ़ा कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

बता दें कि नाग पंचमी के पर्व को लेकर शहर के जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी क्षेत्र मुख्य मार्केट, गोल बाजार रोड, शनि मंदिर रोड सहित अन्य स्थानों में पूजा-सामग्रियों की दुकाने सजी हुई है। नागपंचमी को नागदेवता को दूध अर्पण करने के लिए शहर में आज दूध की खासी डिमांड रहेगी वहीं पूजा-सामग्रियों की भी जमकर बिक्री होगी।

### विश्व आदिवासी दिवस

बताते चले कि आज 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस भी है। आज तक्षक नाग की भी पूजा की जाएगी। वस्तुतः तक्षक नाग को एक आदिवासी जाति का माना जाता है। इसके कारण नागपंचमी के दिन उसकी पूजा की जाती है। नग यानि पहाड़। बता दें कि पर्वतीय क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी जन नाग कहलाते है। जैसे आदिवासी नेता भुरूसु नाग, देवलाल नाग आदि। आज शहर में नीलकंठ गढ़े के नेतृत्व में आदिवासी भवन में धूमधाम के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा।

### पूजे जाएंगे नाग देवता

आज सुबह से ही लोगों को नाग देवता का दर्शन कराने के लिए मदारी व देवार जाति के लोग पिटारे के साथ गली-मुहल्ले में दिखाई देंगे। नाग देवता को रिझाते बीन की धून आज सुनाई देगी। शहर के ज्योतिषाचार्य दिवाकर बाजपेई ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि नागों में मैं शेषनाग व सर्पो में मै सर्पराज वासुकि हूं। उन्होंने बताया कि भगवान शिव के कंठ हार बने रहने वाले नाग देवता की वर्ष में एक बार नाग पंचमी के दिन पूजा की जाती है। किसानों का साथी यह नाग देवता खेतों में उग आए फसलों की रक्षा करता है।

फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीट-पतंगों सहित चूहे, मेंढ़क आदि का भक्षण कर जीवित रहने वाले नाग देवता एक प्रकार से किसानों का खास साथी व खेतों की रखवाली करने वाला क्षेत्रपाल कहलाता है। किसान बंधु आज खेत आदि सहित पेड़ों व अन्य स्थानों में बने बांबी में जाकर नाग देवता को दूध चढ़ा आएंगे। इसी तरह बरई तम्बोली समाज के लोग भी आज नाग देवता का पूजन करेंगे। बता दे कि पान की खेती व व्यवसाय करने वाले बरई समाज के लोग नाग को अपना देवता मानते है। पान को नागर बल्ली या नाग बेल भी कहा जाता है। पान के खेतों में नाग देवता का वास होना भी बताया जाता है। यही वजह है कि बरई-तम्बोली समाज के लोग नागपंचमी के दिन अपने आराध्य देवता नाग की पूजा अर्चना करते है।

### कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

नाग पंचमी के दिन जगह-जगह कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। कहा जाता है कि नाग जाति के लोग शूरमा प्रवृत्ति के होते थे। उनके बलशाली होने की कथा भी आती है। तक्षक नाग राजा परीक्षित को जान से मारने के लिए उद्यत हुआ था। महाभारत में इसका कथा आती है। अतः नागपंचमी के दिन शरीर सौष्ठवता व बल का प्रदर्शन के लिए कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है। नागपंचमी पर शहर के मठपारा स्थित नाग मंदिर, चरण पादुका मंदिर स्थित नागों के डेरे सहित अन्यान्य नाग मंदिरों व भगवान शिव के मंदिरों में नाग देवता का पूजन का क्रम आज दिन भर बना रहेगा। किसानों का साथी व उनके फसलों का रक्षक नागदेवता क्षेत्रपाल के रूप में पूरे अंचल भर में पूजे जाएंगे।

# बसंतपुर पुलिस ने आरोपी से की 249 नग देशी प्लेन शराब



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के आरोपी से 294 नग देशी प्लेन शराब जब्त की है। जब्त किए गए जुमला 44.820 बल्क लीटर शराब की कीमत 22410 रूपये बताई जाती है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आरोपी से घटना में प्रयुक्त नीले रंग का एक्टिवा क्रमांक सी.जी.08/एएन 0746 को भी जप्त किया गया है।

बता दें कि एस पी मोहित गर्गद्वारा शहर में अवैध शराब बिकी किये जाने संबंध में संज्ञान में लेते हुए अवैध शराब कोचियो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ। जिस पर राहुल देव शर्मा अति.पुलिस अधीक्षक एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य नारायण देवांगन के कुशल मार्गदर्शन पर आरोपी नंद लाल पिता लक्ष्मीनाथ ढीमर उम्र 20 साल निवासी दुर्गा चौक को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने कार्यवाही की गयी। आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। घटना दिनांक 08 अगस्त की बताई जाती है।

बसन्तपुर पुलिस को मुखबीर की सूचना पर कि आरोपी नंद लाल पिता लक्ष्मीनाथ ढीमर उम्र 20 साल निवासी दुर्गा चौक गौरव पथ मेन रोड अस्पताल कॉलोनी पानी टंकी के पास अवैध रूप से धन अर्जित करने की उद्देश्य से अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है।

आरोपी को ऐसा करते पाये जाने पर उसके कब्जे से 249 नग देशी मदिरा प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एक्टिवा कमांक सीजी08/एएन0746 जप्त किया गया और आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया तथा अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु मंगाने वाले कोचिया एवं शासकीय देशी शराब दुकान से अवैध रूप से शराब देने वाले मैनेजर के विरुद्ध जाँच कर पृथक से कार्यवाही की जाती है।

## पहला कॉलम...

### जहीर अब्बास बने हर घर तिरंगा अभियान के प्रभारी



राजनांदगांव(दावा)। स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त को ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। इससे पहले 13 अगस्त से घर-घर तिरंगा फहराओ अभियान बीते वर्षों की तरह चलाया जाएगा। राजनंदगांव जिला भाजपा महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा के जहीर अब्बास को महती जिम्मेदारी सौपी गई है। यह दायित्व उन्हें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद की सहमति से दी गई है। इस पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख और उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### आज बरई समाज का नाग पंचमी महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। नागबेल बरई-तम्बोली समाज द्वारा आज जनता कालोनी लखोली रोड स्थित श्री सांई मंदिर भवन में नाग पंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समाज द्वारा आज श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया है। नागबेल बरई तम्बोली समाज द्वारा बताया गया है कि आज 9 अगस्त शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक नाग देवता का पूजन तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से प्रसाद वितरण एवं भोजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नागबेल बरई तम्बोली समाज महिला संगठन केन्द्र नं.1 द्वारा बताया गया है कि लखोली रोड स्थित श्री सांई मंदिर भवन (जनता कालोनी) में दोपहर 3 बजे से विभिन्न खेल प्रतियोगिता व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में समाज के लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

मोहला (दावा)। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 31 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र कृषि कार्यालय उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहला में निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### फूल कुंवर चौधरी क निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। खूंटापारा वार्ड नं.1 निवासी 57 वर्षीय फूलकुंवर चौधरी का बुधवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मुरमुंदा में किया गया। वे अपने पीछे पति भुवन चौधरी, पुत्र खूबचंद व रेखचंद चौधरी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर कुर्मी समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 9 से रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सुपर स्टार धनुष का एक्शन से भरपूर
रायन
(हिन्दी में)
कलाकार -धनुष, दुशारा विजयन,प्रकाश राज संदीप किशन, कालीदास, एस जयसुर्या आदि
आगामी ता.15 से कहा इही ला कइथे मया कहा इही ला कइथे मया


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX
09th Aug to 14th Aug 2024


Ghuspaithiya (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Deadpool & Wolverine 2D (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Kalki (Hindi) - 06:00 and 09:00 pm
Handa (C.G) - 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# राष्ट्रीय ध्वज फहराकर करें गर्व एवं एकता का अनुभव - कलेक्टर



- कलेक्टर ने 9 से 15 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की बैठक ली
- जिले में तिरंगा यात्रा, रैली, कॉन्सर्ट्स एवं विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट का प्रतीक है।

इस गौरव को संवर्धित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आम जन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। जिले में इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को तिरंगा रैली का आयोजन रामकृष्ण नगर से दोपहर 2.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में किया जाना है। 10 अगस्त को स्कूल एवं महाविद्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन, 12 अगस्त को स्कूलों में तिरंगा कॉन्सर्ट्स एवं 13 अगस्त को महाविद्यालयों में तिरंगा कॉन्सर्ट्स का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए वेबसाईट www.harghar-tiranga.com में सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा अंतर्गत युवा, वृद्ध, पुरूष, महिलाएं सभी शामिल हो सकते हैं और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर सकते हैं। जिससे राष्ट्रीय गर्व एवं एकता का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि पोस्ट ऑफिस में तिरंगे झंडे उपलब्ध रहेंगे, इसके साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा झंडा बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिले के नागरिकों की व्यापक सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान एवं तिरंगा मेला के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्वसहायता समूहों, सामाजिक संगठनों के सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट और निजी संगठनों को भी भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित करें। ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीदी को प्रोत्साहित करने, समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में तिरंगा फहराना सुनिश्चित करने कहा। पैम्पलेट, बैनर, स्टैण्डिज आदि के माध्यम से स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में देश भक्ति संगीत के साथ सार्वजनिक स्तर पर तिरंगा कॉन्सट्र्स आयोजित किए जाएंगे। कॉन्सट्र्स में तिरंगा एन्थम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे, जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा और जय हिन्द लिख सकेंगे। कैनवास का डिजाइन राष्ट्रीय ध्वज के समान 3 = 2 में होगा। हैशटैग हर घर तिरंगा = तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने और हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकेगा। प्रमाण पत्रों को सोशल मीडिया पर #HarGharTiranga और #HGT2024 के साथ साझा किया जाएगा। तिरंगा यात्रा से संबंधित तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा एंथम सहित विभिन्न जानकारी हर घर तिरंगा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# आज सुमधुर गीतों का जादू बिखेरेगी सुहानी यादें

राजनांदगांव (दावा)। नगर की सुप्रसिद्ध संस्था 'संगीत सरिता' द्वारा प्रतिवर्षानुसार सदाबहार गीतों का कार्यक्रम 'सुहानी यादें' का आयोजन आज स्थानीय पद्मश्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया जा रहा है.

नगर के सुप्रसिद्ध गायक-गायिकाओं द्वारा पुराने सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अध्यक्षता महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलू शर्मा, सूर्यकांत चितलांग्या, अमित उत्तलवार, बृजकिशोर सुरजन और डॉ.नरेन्द्र गांधी उपस्थित रहेंगे। संगीत सरिता संस्था द्वारा विगत कई वर्षो से सुहानी यादें का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में फिल्म जगत के अमर गायक गायिकाओं व संगीतकारों के सुमधुर गीतों से परिपूर्ण यह कार्यक्रम आज 9 अगस्त को संध्या 7 बजे से गौरवपथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में रखा गया है, जिसमें नगर के सुप्रसिद्ध संगीतगुरू तथा 'संगीत सरिता' के संस्थापक स्व. गिरजाकुमार सिन्हा की स्मृति में अमर पार्श्वगायक गायिकाओं लता मंगेशकर, मो. रफी, मुकेश, किशोर कुमार, हेमंत कुमार के साथ ही अन्य गायक गायिकाओं के सदाबहार और सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी जावेगी।

नगर के युवा संगीतकार प्रशांत कुशवाहा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में नगर के डॉ.एन.के.मिश्रा, राजकुमार शर्मा, इंजी.बलविंदर सिंह कंडा, अतुल व्यास, योगेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता अग्रहरि, डॉ.महेश श्रीवास्तव, डॉ. नीलू श्रीवास्तव, प्रो. रामकुमारी धुर्वा, इंजी.मनोज ओस्तवाल, अनामिका जैन, इंजी. रजत अग्रहरि के साथ ही नगर के सुप्रसिद्ध संगीत साधक व कलाकार अपनी कला व आवाज का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं उद्घोषक शरद श्रीवास्तव करेंगे। उक्त जानकारी अधिवक्ता राजकुमार शर्मा तथा मनोज गुप्ता अग्रहरि ने दी है।

# जोगी कांग्रेस ने की लॉज में देह व्यापार पर जांच कर कार्यवाही की मांग, आईजी के नाम सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) जिलाध्यक्ष ने साथियों के साथ आईजी के नाम थाना प्रभारी को राजनांदगांव पुराना बस स्टैंड स्थित लॉज में चल रहे देह व्यापार एवं अवैध शराब पर जांचकर कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा है।

जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने बताया कि वार्डवासियों द्वारा बार-बार शिकायत मिल रही थी कि देह व्यापार जैसी शर्मनाक कृत्य लॉज में किया जा रहा है।

साथ ही साथ अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है। वहीं होटलों में स्पा के नाम पर गलत कृत्य किया जा रहा है। जांच कर उचित कार्यवाही कर रोक लगाने की मांग की है।

थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि तत्काल प्रभाव से कार्यवाही पुलिस विभाग द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ जिला महासचिव मिलाप बघेल, आकाश साहू, हर्षू सरदार, चंदन देवांगन, सुमेश कुमार, पलास मेश्राम, आदित्य बांसोड, अनिस लिल्हारे, लक्की मेश्राम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-6
220-4 270-9
राजधानी
2-7-8
590-4 339-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# यंग मुस्लिम कमेटी द्वारा ईदगाह मैदान में वृक्षारोपण

- महापौर, पूर्व महापौर, पार्षदों व कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न प्रजाति के लगाये पौधे
- वृक्षों का संरक्षण, संवर्धन प्राथमिक आवश्यकता - हेमा देशमुख



राजनांदगांव (दावा)। यंग मुस्लिम कमेटी द्वारा ईदगाह मैदान में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख, पार्षद अमीन हुद्दा, गप्पू सोनकर, पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला, पूर्व नामाकित पार्षद एजार्जुर रहमान, जामा मस्जिद कमेटी के सदर (अध्यक्ष) रईस अहमद शकील विशेष रूप से उपस्थित थे।

वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर ने कहा कि वृक्षों का संरक्षण, संवर्धन आज की प्राथमिक आवश्यकता है, 4-5 वर्षो से नगर निगम द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिनमें से अधिकांश वृक्ष के रूप भी ले लिये है, फ्लाई ओव्हर के किनारे लगाये पौधे बडे हो गये है, आयुर्वेद की दृष्टि से सभी पौधे उपयोगी है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ उसका देख रेख अत्यंत आवश्यक है, तभी पौधा वृक्ष का रूप लेगा। आज ईदगाह मैदान में यंग मुस्लिम कमेटी द्वारा वृक्षारोण किया जा रहा है, मैं उनसे आग्रह करती हूँ कि इसका देख रेख भी करें, ताकि सभी पौधे वृक्ष का रूप लेकर ईदगाह मैदान को हरा भरा करें।

रईस अहमद शकील ने कहा कि यंग मुस्लिम कमेटी बहुत पुरानी संस्था है और शासन की वृक्षारोपण अभियान में सहभागी बन आज ईदगाह मैदान में वृक्षारोपण कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे कमेटी का नाम यंग कमेटी है, वैसे ही नाम के अनुरूप कार्य करें। वृक्षारोपण कार्य सराहनीय कार्य है, वृक्षों को संरक्षित कर इसे पेड का रूप दे। कार्यक्रम में पूर्व में मुस्लिम यंग कमेटी के अध्यक्ष रिफत बेग एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अतिथियों सहित कमेटी एवं उपस्थितजनों ने ईदगाह मैदान में विभिन्न प्रजाति के लगभग 50 पौधे लगाये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में इब्राहम भाई मुन्ना, डॉ अकरम अली, हाजी मोहम्मद अनवर, हाजी तनवीर अहमद, हाजी जाहिद अली, हसन अतहर रिजवी, वसीम झारोदिया, जावेद अख्तर, हफीज सेख मोहम्मद, गुड्डू सैय्यद अली, अब्दुल रसीद, मोहम्मद हसन, असगर अली, आबीद बेग, दिलदार भाई, अयुब भाई सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं....बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजू देवांगन आ. हीरा सिंग निवासी शहर/ग्राम खैरागढ़ प.ह.नं 31 तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव पिता स्व. हीरासिंग आ. चमरू राम देवांगन मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 14/12/2007 को स्थान खैरागढ़ पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 16/08/2024 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार दिनांक 02/08/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 02/08/24
सुनवाई दिनांक - 16/08/24

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ.ग.)

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) राजनांदगांव (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 4660/09/नि.वि./लोनिवि/2024-2025 दिनांक 07/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 28/08/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि — 09/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि — 10/09/2024 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में ) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| T 0031 | DGPS Survey and DPR Survey (Road Plan, L-Section, Cross Section, Estimation including Culverts and Bridge and other Structure) Work Roads under Sub Division Dongargarh | 17.65 | 14,000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है
टीप :- शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करें।

जी-242501717/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम चुनिया वर्मा था, जिसे बदलकर मैनें अपना नया नाम होमेश्वरी वर्मा पिता धनेश वर्मा रख ली हूं।

भविष्य में मुझें मेरे नये नाम होमेश्वरी वर्मा से जानी, पहचानी, पुकारी व समस्त शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। जिसके लिए श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, राजनांदगांव के समक्ष शपथ पत्र एवं राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत हैं। सूचना जानें...

शपथकर्ता
होमेश्वरी वर्मा
पिता धनेश वर्मा
निवासी ग्राम रेंगाकठेरा
तह. व जिला -राजनांदगांव (छ.ग.)

# मेडिकल हास्पिटल के गार्ड व सफाई-कर्मियों को तीन माह से महंगाई भत्ता नहीं, आक्रोश में कर्मी

राजनांदगांव (दावा)। मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री सहित जिला चिकित्सालय में काम करने वाले लगभग 300 की संख्या में गार्ड एवं सफाई कर्मियों को महंगाई भत्ता नहीं दिए जाने से कम्पनी के प्रति उनमें खासा आक्रोश दिखाई दे रहा है।

सफाई कर्मियों व यहां कार्यरत गार्डों का कहना है कि रायपुर की मेटास कम्पनी उनका तीन महिने से महंगाई भत्ता अटका कर रखी है जिसके कारण उन लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाम न छापने की शर्त पर वहां के कर्मी ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में लगभग ढाई सौ की संख्या में गार्ड व सफाई कर्मी मेटास कम्पनी के अंतर्गत कार्यरत है। उसी तरह जिला चिकित्सालय में भी लगभग 50-55 की संख्या में गार्ड व सफाई कर्मी काम कर रहे है। उसमें लगभग 100 की संख्या में महिला गार्ड व सफाई कर्मी भी है। जिन्हें शासन द्वारा हर साल बढ़ाए जाने वाले महंगाई भत्ता का एक भी पैसा मेटास कम्पनी द्वारा नहीं दिया जाता है और रोक कर रख लिया जाता है।



## मेटास कम्पनी ने कर्मियों के रोक कर रखी है महंगाई भत्ता

बताया गया कि 1947 अधिनियम के तहत श्रम विभाग द्वारा शासन की ओर से इन कर्मियों को महंगाई भत्ता के रूप में दिए जाने का प्रावधान है लेकिन शासन व श्रम विभाग के इन प्रावधानों को दर किनार कर मेटास कम्पनी द्वारा न तो महंगाई भत्ता दिया जाता है और न डिफरेंस की राशि दी जाती है। बताया गया कि पहले गार्ड और सफाई कर्मियों के लिए 140 रूपए महंगाई भत्ता बढ़ाया गया था। जिसे मेटास कम्पनी द्वारा 6 माह तक नहीं दिया गया। अब जब इस साल के एक अप्रैल से महंगाई भत्ता की राशि 280 रूपए कर दी गई है। इसके बाद भी कम्पनी द्वारा उक्त बढ़ी हुई महंगाई भत्ता की राशि को 3 माह से नहीं दिया जा रहा है। उसे रोक कर रखा गया है। इससे गार्डों सहित सफाई कर्मियों में मेटास कम्पनी के प्रति गुस्सा व्याप्त है। गार्डों व सफाई कर्मियों का कहना है कि मेडिकल कालेज सहित जिला चिकित्सालय में गार्डो व सफाई कर्मियों का ठेका लेने वाले रायपुर के मेटास कम्पनी तक कर्मियों का अपने हक-अधिकार की आवाज पहुंचाने में भी काफी परेशानी होती है। यदि स्थानीय कम्पनी इस ठेका पद्धति पर काम कर रही होती तो गार्डों व सफाई कर्मियों को अपने वेतन से लेकर महंगाई भत्ता व डिफरेंस राशि के लिए रायपुर तक आवाज बुलंद करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कर्मियों को आरोप है कि मेडिकल कालेज हास्पिटल के प्रमुखों के साथ मेटास कम्पनी की मिली भगत होने के कारण कम्पनी वालों के हौसले बुलंद रहते है जिसके कारण कई-कई महिनों तक वेतन के पैसों के लिए कर्मियों को तरसा कर रख दिया जाता है व महंगाई भत्ता भी रोक कर रख ली जाती है।

# खंडेलवाल महिला मंडल ने मनाया हरियाली सावन तीज महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा सावन तीज महोत्सव एलिगेंट कॉलेज परिसर में मनाया गया खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरला खंडेलवाल, सचिव भगवती खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष शशि खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज के कुल गुरु 1008 संत शिरोमणि सुंदर दास महाराज का पूजन एवं प्रकृति पूजन कर सावन तीज महोत्सव प्रारंभ हुआ। सभी ने मिलकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। पूरे परिसर को आकर्षक फूल मालाओं एवं सावन तीज झूले को सफेद और हरे रंग के बैलून से सजाया गया। साथ ही प्रकृति से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं शिवलिंग सजाओ, सखी सहेली जोड़ी, होजी का आयोजन किया गया जिसमें शिवलिंग सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम रीना खंडेलवाल, द्वितीय सुप्रिया खंडेलवाल, शिवलिंग सजाव प्रतियोगिता में ननही देवीशा खंडेलवाल को पुरस्कृत किया गया, सखी सहेली प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी खंडेलवाल शिवानी खंडेलवाल एवं सखी सहेली प्रथम मनीष खंडेलवाल श्वेता खंडेलवाल को उपहार प्रदान किए गए।

## प्रकृति संरक्षण का सामूहिक संकल्प

कार्यक्रम का संचालन सहसचिव विनीता खंडेलवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रिया खंडेलवाल ने किया। बड़ी संख्या में समाज की महिला उपस्थित रही एवं सभी महिलाओं ने सावन झूले का आनंद उठाया व एक दूसरे को हरियाली सावन तीज की बधाई दी सावन तीज आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, सहसचिव विनीता खंडेलवाल, प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य नीलम खंडेलवाल, राधा खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल, प्रिया खंडेलवाल, मेघा खंडेलवाल, पूजा खंडेलवाल, रोशनी खंडेलवाल, पिंकी खंडेलवाल की भूमिका प्रमुख रही उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल की प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

# तिरंगा यात्रा को लेकर जिला व मंडल टीम की घोषणा

राजनांदगांव(दावा)। जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल ने हर-घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सफल आयोजन के लिये जिला टीम की घोषणा की है, जिसमें मूलचंद लोधी को जिला संयोजक व रघुवीर वाधवा, लीलाधर साहू, आभा तिवारी, कैलाश शर्मा व गिन्नी चावला को सहसंयोजक का दायित्व दिया गया है। इसी तरह विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के लिये राजेन्द्र गोलछा जिला संयोजक व आकाश चोपड़ा को सहसंयोजक बनाया गया है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तिरंगा अभियान के जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने अपनी नियुक्ति के बाद मंडल स्तर पर हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर संयोजक व सदस्यों की घोषणा की है जिसके अनुसार कुमर्दा मंडल के संयोजक एकांत चन्द्राकर व सदस्य मुकेश साहू, कोमल सिन्हा, ठाकुर राम यादव, भूपेन्द्र नायक व किशुन साहू को बनाया गया है। इसी तरह डोंगरगांव मंडल के लिये संतोष यादव संयोजक, भावेश निक्की, विरेन्द्र साहू, किशोर यादव व श्रीमती निर्मला सिन्हा सदस्य बनाये गये है। लालबहादुर नगर मंडल के अशोक वर्मा संयोजक, भोजराज वर्मा, तामेश्वर साहू, घनश्याम वैष्णव सदस्य बनाये गये है। इसी प्रकार डोंगरगढ़ शहर मंडल के लिये सुमीत मिश्रा संयोजक, अमित बोस, हिमांशु सेन, जयंत साहू को सदस्य बनाया गया है। राजनांदगांव उत्तर मंडल के लिये नागेश यदु को संयोजक व पंकज कुंजरेकर, संतोष सिंह, चन्द्रभान जंघेल सदस्य बनाये गये है। छुरिया मंडल के लिये आलोक मिश्रा संयोजक व सोहन साहू, नैनसिंह पटेल, भुखन धनकर को सदस्य बनाया गया है। घुमका मंडल के लिये जनक साहू संयोजक व अर्जुन क्षत्री, रवि वर्मा, हरिशचन्द्र सिन्हा सदस्य होंगे। डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के लिये रवि यादव संयोजक, व राघवेन्द्र वर्मा, लखन जंघेल, जीवन वर्मा सदस्य होंगे तथा राजनांदगांव दक्षिण मंडल के लिये तरूण लहरवानी संयोजक, हकीम खान, गोलू गुप्ता, दामू भूतड़ा सदस्य होंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के लिये मनोज साहू संयोजक, कृष्णा तिवारी, मोती देवांगन, रमेश चन्द्राकर सदस्य होंगे।

## तिरंगा अभियान को लेकर आज से मंडल भाजपा की बैठकें

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर मंडल स्तर पर पार्टी की गतिविधियां प्रारंभ हो गई है, इसके तहत जिले के सभी दस मंडलों में 09 व 10 अगस्त को बैठकें आयोजित की गई है, जिसमें जिले से नियुक्त प्रभारी गण उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज 09 अगस्त को डोंगरगांव मंडल की बैठक होगी, जिसमें मूलचंद लोधी व विरेन्द्र जैन उपस्थित रहेंगे इसी प्रकार 10 अगस्त को राजनांदगांव उत्तर मंडल की बैठक जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व रवि सिन्हा उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव दक्षिण मंडल की बैठक मुकेश बघेल की उपस्थिति में राजनांदगांव ग्रामीण की बैठक आभा तिवारी व सावन वर्मा की उपस्थिति में लालबहादुर नगर की बैठक कोमल सिंह राजपूत व सुरेन्दर सिंह बन्नोआना की उपस्थिति में डोंगरगढ़ शहर की बैठक रविन्द्र वैष्णव व मूलचंद लोधी की उपस्थिति में डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल की बैठक चन्द्रिका डडसेना व सुरेन्दर सिंह बन्नोआना की उपस्थिति में छुरिया मंडल की बैठक दिनेश गॉधी व विजेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में कुमर्दा मंडल की बैठक लक्ष्मीनारायण गुप्ता व लीलाधर साहू की उपस्थिति में तथा घुमका मंडल की बैठक रघुवीर वाधवा व आलोक बिंदल की उपस्थिति में 10 अगस्त को संपन्न होगी।

# शांतिनगर में सावन महोत्सव की धूम



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व 'हरेली' के त्योहार पर चिखली क्षेत्र के शांतिनगर स्थित सर्व समाज मांगलिक भवन में कैलाश धाम मंदिर समिति से जुड़ी महिलाओं ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मुख्य अतिथि में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस दौरान कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, खो-खो,बोरा दौड़ म्यूजिकल गुब्बारा ,मटका फोड़ लम्बी दौड़ सहित गायन स्पर्धा भी आयोजित की गई, जिसमें बहुतायत संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।गायन प्रतियोगिता में नीलकंठ महादेव मंदिर ग्रुप प्रथम स्थान हेमलता प्रजापति दूसरा स्थान सरिता हुकरे तीसरे स्थान।कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान परमिला साहू, द्वितीय प्रीति पटेल, तृतीय स्थान सुनीता यादव। म्यूजिकल गुब्बारा में वंदना वर्मा पहला स्थान, छाया सिमनकर दूसरा स्थान, अमृता तीसरे स्थान पर।मटका फोड़ में सपना साहू पहला स्थान द्वितीय स्थान भुनेश्वरी वर्मा, खिलेश्वरी तृतीय स्थान। लम्बी दौड़ में क्रांति कोहली प्रथम, दिलेश्वरी साहू दूसरा,शकुन साहू तीसरा स्थान।जलेबी दौड़ में कल्पना साहू प्रथम स्थान, अल्का हाजभिया चम्मच दौड़ आरती ठाकुर पहला स्थान।फुगड़ी प्रतियोगिता में अमृता जगत पहला स्थान, दिलेश्वरी साहू दूसरा स्थान तो शकुन साहू को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले खेल प्रतिभागियों को सावन महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने शील्ड भेंटकर पुरस्कार वितरण कर उत्साह वर्धन किया।

- पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने प्रतिभागियों को बांटे पुरष्कार
- कैलाश धाम मंदिर समिति ने किया भव्य आयोजन

अपने अतिथि उद्बोधन में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आयोजकों को छत्तीसगढ़ के लोक पर्व और प्रथम हरेली त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरेली के इस अवसर पर कैलाश धाम मंदिर समिति शांतिनगर की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया वह अपने आप में तारीफें काबिल है। उन्होंने कैलाश धाम समिति को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज सेवी ललित नायडू, सुरेश डेकाटे, सुनील साहू, भागवत निषाद, खुमान वर्मा, जवाहर वर्मा, हेमलता प्रजापति, संध्या जोशी गुड्डी पाल नंदनी सेंगर का स्मरणीय योगदान रहा। उक्त जानकारी कैलाश धाम समिति के अध्यक्ष ललित नायडू ने दी।

# नंदई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में बड़ी तादात में वार्डवासी पहुँच मांग एवं शिकायत के दिये अनेक आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। वार्डवासियों की समस्या संबंधी आवेदन वार्ड में ही जमा होने तथा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड शिविर में ही बनने पर वार्डवासी उत्साह से बड़ी तादात में जन समस्या निवारण शिविर में पहुँच रहे है। आज गुरूघासीदास भवन नंदई में वार्ड नं. 39,40, 41 व 48 के लिये आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री आवास, पट्टा, राशन कार्ड सहित पानी, बिजली, रोड, नाली संबंधी समस्या के निराकरण तथा श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लिये आवेदन दिये।

शिविर का निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता लगातार मानिटरिंग कर शिविर के सफल संचालन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित कर रहे है, वही संबंधित वार्ड के पार्षद विजय राय, श्रीमती भानू साहू, पूर्व पार्षद बलवंत साव, पार्षद प्रतिनिधि अरूण साहू उपस्थित हुये और वार्डवासियों को अपनी समस्या के निराकरण के लिये आवेदन देने प्रेरित किये। आज के शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के तहत 112 वार्डवासियों ने मौसमी बीमारी मलेरिया वायरल, सर्दी, खासी तथा ब्लडप्रेशर, शुगर की जॉच करा दवा लिये। इसके अलावा क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल द्वारा 46 लोगों का नेत्र परीक्षण भी किया गया।

आज गुरूघासीदास भवन नंदई में वार्ड नं. 39,40,41 व 48 के लिये आयोजित शिविर में वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नल में पानी नहीं आने, राशन कार्ड मे नाम जोडने,मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन,स्व रोजगार हेतु ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वयं के भूमि पर आवास निर्माण करने, पट्टा वितरण, वार्ड में लाईट लगाने तथा सीमेंट रोड व नाली निर्माण संबंधी 337 आवेदन दिये। इसके अलावा श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड के भी 82 प्रकरणो का शिविर में ही निराकरण किया गया।

कल दिनांक 9 अगस्त शुक्रवार को गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये तथा 10 अगस्त को वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये सामुदायिक भवन सिंगदई में शिविर आयोजित किया जायेगा। आज के शिविर में समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर व तिलकराज ध्रुव के अलावा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पत्नि की हत्या, पति को उम्रकैद की सजा

राजनांदगाँव (दावा)। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगाँव श्रीमति सुषमा सावंत द्वारा हत्या के एक प्रकरण में संपूर्ण सुनवाई पश्चात् आज दिनांक 8 अगस्त को फैसला सुनाते हुये अभियुक्त मुकेश सोनकर पिता झन्नूलाल सोनकर, उम्र 41 साल, निवासी वार्ड नं. 42, राजीव नगर, थाना बसंतपुर को अपनी पत्नि अनिता सोनकर, उम्र 35 साल, निवासी वा.नं. 24, जमातपारा, बसंतपुर, राजनांदगांव की हत्या का दोषी साबित पाते हुए भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास तथा 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में छः माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया।

## राजीव नगर बसंतपुर की घटना

मामले में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पैरवी करने वाले जिला लोक अभियोजक, राजनांदगाँव नारायण कन्नौजे ने बताया कि, आरोपी मुकेश सोनकर आदतन शराबी है व सब्जी बेचने का काम करता है। मुकेश का विवाह 16 वर्ष पूर्व अमरीका बाई के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ था, जिनके वैवाहिक जीवन से तीन बच्चे हैं, जो राजीव नगर, बसंतपुर राजनांदगांव में निवासरत् है। इसके अलावा मुकेश करीबन 15 वर्ष पूर्व से दूसरी पत्नि अनिता सोनकर (मृतिका) को जमातपारा में रखा था, जिनके वैवाहिक जीवन से दो बच्चें हैं। मुकेश का दूसरी पत्नि अनिता के यहाँ आना-जाना होता था। दोनों पत्नियों के मध्य संबंध ठीक नहीं थे। दिनांक 09.07.2021 को मुकेश की पहली पत्नि अमरीका सोनकर अपने रिश्तेदार के यहाँ छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गुण्डरदेही गई हुई थी। उसी दिन मुकेश रात में अपनी दूसरी पत्नि अनिता के यहां जमातपारा में रूका था। दिनांक 10.07.2021 की दोपहर मुकेश अनिता को लेकर मोटर सायकल से गुजराती स्कूल बच्चों का एडमिशन कराने गया।

उसके बाद मुकेश मृतिका अनिता को लेकर अपने राजीव नगर वाले घर में गया, जहाँ बातचीत के दौरान अनिता अपने सोने-चांदी के गहने को मुकेश से मांगने लगी तब मुकेश बोला कि, मैं तुम्हें गहने नहीं दे सकता, बेच दिया हूँ, इस बात को लेकर दोनों के बीच काफी वाद-विवाद हुआ और आवेश में आकर मुकेश सोनकर ने घर पर रखे लोहे के रॉड से अनिता सोनकर के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दिया। अनिता सोनकर के भाई रतीन यादव निवासी जमातपारा की सूचना पर थाना बसंतपुर द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। दौरान जांच के आरोपी मुकेश सोनकर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरान्त भादवि की धारा 302 के तहत् अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँचकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी के दिये निर्देश

## अधिक से अधिक खाद विक्रय करने कहा




राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता कचरा निपटान का जायजा लेने आज सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँचे और सभी मशीने दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करने के अलावा बरसात में खाद विक्रय के लिये बगवानी वाले तथा कृषकों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक खाद विक्रय करने के निर्देश दिये।

टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आज आयुक्त श्री गुप्ता ने जायजा लेकर सभी मशीने दुरूस्त कर, एसएलआरएम सेन्टरों के अलावा घर से ही कचरा पृथक कराकर ले तथा टेचिंग ग्राउण्ड मे लाकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने अधिक से अधिक संसाधन का उपयोग कर कार्य करने निर्देशित करे। उन्होंने टेचिंग ग्राउण्ड के एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर रजिस्टर की जॉच किये और प्रतिदिन आने वाले गीला कचरा सुखा कचरा की मात्रा की जानकारी लेकर एसएलआरएम सेन्टरों में ही कचरा पृथककरण कर निपटान करने के निर्देश दिये और कहा कि सडको, नालियों, मुक्कडों से निकलने वाले कचरा ही टेचिंग ग्राउण्ड में लावे। उन्होंने टेचिंग ग्राउण्ड में वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने खाद विक्रय की जानकारी ली, नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि एक महा में 570 बोरी सिटी कम्पोस्ट एवं 868 बोरी वर्मी कम्पोस्ट राजनांदगांव सहित डोंगरगढ व डोंगरगांव की नर्सरी में बेचा गया। आयुक्त ने कहा कि बरसात का मौसम चल रहा है, अधिक से अधिक खाद तैयार करे और अन्य नर्सरी एवं कृषकों से सम्पर्क कर खाद का विक्रय बढ़ावे। घर के आंगन, बाड़ी व गमलो के लिये खाद खरीदने डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से घरवालों को प्रेरित करे। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता सुश्री सुषमा साहू, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र.स्वच्छता निरीक्षक भूषण मेश्राम, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# आज से विशेष ट्रेन सेवा : अब गोंदिया-भागलपुर का डोंगरगढ़ में स्टॉपेज, शहरवासियों को मिली सुविधा

डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल अंतर्गत राजनांदगांव स्टेशन में 9 अगस्त से गोंदिया भागलपुर विशेष रेलगाड़ी का स्टॉपेज शुरू हो जाएगा। सप्ताह में एक फेरी गोंदिया से भागलपुर के बीच होने से छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्टेशनों से बाबा बैद्यनाथ धाम झारखंड जाने वालों के लिए बड़ी सुविधा हो जाएगी। जिसका स्टॉपेज डोंगरगढ़ में भी दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 08893/ 08894 गोंदिया भागलपुर गोंदिया 9 अगस्त से शुरू हो रही है भागलपुर से गोंदिया के लिए यह 10 अगस्त से चलेगी। इसका ठहराव छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिलासपुर, अकलतरा, चांपा, बाराद्वार, सक्ती, खरसिया, रायगढ़ और ब्रजराजनगर में दिया गया है। गाड़ी संख्या 08893 स्पेशल ट्रेन 9 अगस्त को 11.20 पर गोंदिया से प्रस्थान करेगी, जो मंडल के मुख्य स्टेशन डोंगरगढ़ में 12.16 पर पहुंचेगी और 12.18 में प्रस्थान करेगी। राजनांदगांव में 12.40 में पहुंचकर 12.42 में रवाना होगी। दुर्ग में 13.20 बजे पहुंच कर 13.25 में अगले स्टेशन के लिए चलेगी। रायपुर में 14 बजे पहुंचकर 14.05 बजे प्रस्थान करेगी। तिल्दा 14.33 बजे पहुंचकर 14.35 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार भाटापारा 14.58 बजे पहुंचेगी, वहां 2 मिनट रुकने के बाद 15.55 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंचेगी, जो 16.10 बजे प्रस्थान कर 10 अगस्त को दोपहर 12.35 बजे भागलपुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी क्रमांक 08894 स्पेशल ट्रेन भागलपुर से 10 अगस्त को 13.35 बजे छूटकर 10.45 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। फिर वहां से 11 बजे प्रस्थान करके 11.01 में भाटापारा पहुंचेगी। 12.40 में रायपुर पहुंचकर 5 मिनट रुकेगी। फिर 13.50 में दुर्ग स्टेशन में ठहराव होगा। दुर्ग से 13.55 बजे रवाना होकर 14.16 बजे राजनांदगांव स्टेशन पहुंचेगी। यहां महज 2 मिनट रुकने के बाद आगे बढ़कर 14.41 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी। फिर वहां से 14.43 बजे रवाना होकर 11 अगस्त की शाम 16.20 बजे गोंदिया पहुंचेगी देवों के देव और भूतभावन भगवान भोलेनाथ को समर्पित सावन के महीने में इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से धर्मप्रेमियों विशेष कर शिव भक्तों में भारी प्रसन्नता व्याप्त है। इस ट्रेन के शुरू होने से द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन करने जाने आने वालों को सप्ताह में एक दिन ही सही बड़ी सुविधा मिल जाएगी।

## संस्कारधानी में भारत की जीत पर जश्न एवं भव्य दीपोत्सव..



राजनांदगांव (दावा)। श्री शनिदेव धाम बागेश्वर धाम पेटी ग्रुप द्वारा आज जयस्तंभ चौक में भारत की हॉकी में कांस्य पदक जीतने पर दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें हाकी खिलाड़ी एवं संस्कारधानी की जनता द्वारा तिरंगा फहराकर टीम को बधाई दी। यह जानकारी राकेश ठाकुर अधिवक्ता द्वारा दी गई।

# विधायक यशोदा वर्मा ने की प्रतिनिधि की नियुक्ति

## नदीम मेमन बने जिला आबकारी विभाग के विधायक प्रतिनिधि



खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने विधानसभा के विभिन्न विभागों में विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है, जिसमें केसीजी यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नदीम मेमन को जिला आबकारी विभाग केसीजी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। नदीम के कार्यो से प्रभावित होकर विधायक ने यह पद भरोसा से दिया है, हमेशा से कांग्रेस के रीति-नीति को युवाओं तक पहुंचने का काम नदीम ने किया है। नदीम राजनीति में सेवा भावना से जुड़े हुए है, जो हमेशा असहाय लोगो के मदद के लिए आगे रहते है। इनके नेतृत्व में भारत जोड़ों यात्रा में केसीजी के सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस नेता राहुल के साथ कदम से कदम मिलाकर चला है, इसके आलावा प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक होने वाले विभिन्न आंदोलन, विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके है। साथ ही भाजपा के विरोध में आंदोलन आगे खड़ा होना, पुतला दहन में सबसे आगे रहना जैसे मुद्दों पर अभी तक सफल हुए है। यही नहीं नदीम मेमन को राष्ट्रीय स्तर के नेता बखूबी पहचानते है, वर्तमान में नदीम प्रदेश अध्यक्ष एनसीडब्लूसी केसीजी जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष, खैरागढ़ व्यापारी संघ के सचिव व जिला अध्यक्ष युवा ओबीसी के पद पर है। इनके मनोनयन से युवाओं में हर्ष व्याप्त है।

# किडनी, पथरी, नस, मस्तिष्क, ईएनटी एवं चर्म रोग विशेषज्ञों की सेवाएं

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जी.ई. रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु आज एवं प्रत्येक शनिवार उपलब्ध होंगे, जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका एवं डॉ. रेखराज साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन पिंचा एंम चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। राजनांदगांव में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं देने का मुख्य कारण राजनांदगांव में गंभीर मरीजों के इलाज हेतु स्पेशलिस्ट डॉक्टर का अभाव है। किसी भी गंभीर समस्या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## अनमोल दावा

> जिसका देह और मन, शुद्ध न हो उसका मन्दिर में जाकर भगवान की पूजा करना व्यर्थ है।

## 100 ग्राम वजन बना विनेश फोगाट के लिए सबसे बड़ी बाधा, पदक पर कब्जा जमाकर हो गईं अयोग्य

खेल में हार और जीत चलती रहती है, मगर कोई खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंतिम दौर में पहुंच कर कुछ तकनीकी खामियों के चलते खेलने से रोक दिया जाए, तो उसकी टीस उसके भीतर जीवन भर बनी रहती है।

महिला पहलवान विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक में अंतिम दौर से ऐन पहले, वजन अधिक होने के कारण, अयोग्य करार दिए जाने से स्वाभाविक ही सारे देश को निराशा हुई है। पूरे खेल के दौरान जिस तरह विनेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया उससे उनसे देश के लिए स्वर्ण पदक लाने की उम्मीद बनी हुई थी। वे अब तक की अपराजेय जापान की युई सुसाकी को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची थीं। सेमीफाइनल में उन्होंने क्यूबा की गुजमैन लोपेज को हराया था। ये दोनों खिलाड़ी दुनिया की श्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिनी जाती हैं। युई सुसाकी तो अब तक किसी मुकाबले में पराजित नहीं हुईं।

इस निर्धारित पचास किलोवर्ग में करीब सौ ग्राम अधिक था। दरअसल, विनेश पहली बार पचास किलोवर्ग में खेल रही थीं। इससे पहले वे तिरपन किलोवर्ग में खेलती थीं। भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने विनेश का वजन पचास किलो के भीतर बनाए रखने की भरसक कोशिश की, मगर फिर भी कहीं कोई चूक रह गई। चूंकि विनेश पर विशेष रूप से सबकी नजरें टिकी थीं, इसलिए उनकी अयोग्यता को कुछ लोग राजनीतिक रंग देते भी देखे जा रहे हैं।

खेल में हार और जीत चलती रहती है, मगर कोई खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंतिम दौर में पहुंच कर कुछ तकनीकी खामियों के चलते खेलने से रोक दिया जाए, तो उसकी टीस उसके भीतर जीवन भर बनी रहती है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि महिला पहलवानों के लिए पचास किलो से नीचे वजन लाना कठिन होता है, पर यह सवाल तो बना ही है कि आखिर विनेश के साथ गया विशेषज्ञों का दल कैसे तकनीकी पक्षों पर ध्यान देने से चूक गया। विनेश के साथ उनके कोच, मैनेजर, आहार विशेषज्ञ भी गए होंगे। उन्हें कहीं न कहीं तो भरोसा रहा होगा कि विनेश तिरपन किलो से पचास किलो भार वर्ग में उतर कर खेल सकती हैं। मगर इसके लिए वजन घटाने की जिस तैयारी की जरूरत थी, वह कैसे नाकाम रही, यह जांच का विषय है। अब विनेश कोई पदक नहीं ला सकेंगी। इस तरह देश भी एक पदक से चूक गया।

विनेश को लेकर राजनीति इसलिए भी शुरू हो गई कि वे महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वालों की अगली कतार में थीं। उन्हें आंदोलन के दौरान पुलिस की ज्यादतियां भी सहनी पड़ीं, कई तरह के मानसिक दबावों से गुजरना पड़ा। इस तरह उन्हें सत्ता विरोधी मुहिम का हिस्सा मान लिया गया था। विपक्षी दलों ने उन्हें खुल कर समर्थन दिया। तब कहा गया कि विनेश में अब ओलंपिक में खेलने की क्षमता नहीं रह गई है, इसलिए वे राजनीति के रास्ते पर चल पड़ी हैं।

हालांकि लंबे समय तक आंदोलन में संघर्ष करते रहने की वजह से उनके नियमित अभ्यास में बाधा आई थी, मगर उन्होंने आखिरकार साबित किया कि उनकी क्षमता कहीं से कम नहीं हुई है। बेशक वे तकनीकी वजहों से अंतिम दौर में खेलने से रह गईं, पर इसके पहले के खेलों में जिस तरह उन्होंने अपने कौशल और क्षमता का प्रदर्शन किया, वह अपने आप में एक कीर्तिमान है। मगर, उन्हें जिस तरह से अयोग्य ठहराया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस बात की जांच तो होनी ही चाहिए कि विनेश के साथ गए अधिकारियों से चूक कहां हुई।

# आदिवासी अंचलों में पहुंच रही हैं तेजी से विकास योजनाएं

छगनलाल लोन्हारे/जी.एस. केशरवानी
(उप संचालक)



**आज विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत जनजातीय समुदाय की आबादी को देखते हुए राज्य की बागडोर श्री विष्णु देव साय के हाथों में सौंपी है। राज्य गठन के 23 वर्षों बाद वे ऐसे पहले आदिवासी नेता है जिन्हें राज्य के मुखिया के तौर पर कमान सौंपी गई है। राज्य में नई सरकार की गठन के साथ ही उन्होंने किसानों, महिलाओं और वंचित समूहों को आगे बढ़ाने के लिए योजनाओं की शुरूआत की। वे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य को लेकर सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की देश-विदेश में अलग पहचान रही है। राज्य के आदिवासी अंचल एक ओर वनों से आच्छादित है। वहीं इन क्षेत्रों में बहुमूल्य खनिज सम्पदा भी है। मनोरम पहाड़ियां, झरनें, इठलाती नदियां बरबस लोगों को आकर्षित करती हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार बनने के बाद राज्य के आदिवासी अंचलों में जन जीवन में तेजी से बदलाव लाने और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के लिए अनेक नवाचारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

आदिवासी समुदाय को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, आवास, पेयजल जैसी महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों के तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार की पहल पर जगदलपुर के नगरनार में लगभग 23 हजार 800 करोड़ रूपए की लागत से वृहद स्टील प्लांट लगाया गया हैं, इससे आने वाले वर्षों में बस्तर अंचल की पूरी तस्वीर बदलेगी। लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा साथ ही रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा। इस साल के केन्द्रीय बजट में जनजाति उन्नत ग्राम अभियान योजना शामिल की गई है। इस योजना से राज्य के लगभग 85 विकासखंडों में शामिल गांवों को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। इसके अलावा जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसी प्राथमिकताएं भी जनजाति क्षेत्रों की दशा और दिशा बदलेंगी।

जनजाति क्षेत्रों के तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है 464 किलोमीटर लंबा और छह लेन चौड़ा एक्सप्रेसवे होगा। यह छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेसवे मार्ग छत्तीसगढ़ में 124 किलोमीटर, ओडिशा में 240 किलोमीटर और आंध्र प्रदेश में 100 किलोमीटर बनेगी। उड़ीसा से आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम तक बनाए जा रहे इस नए कॉरिडोर से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। वहीं नए उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। बस्तर के माओवादी आतंक से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक तरफ सुरक्षा कैंपों की सख्या बढ़ायी जा रही है। वहीं सुरक्षा कैंपों के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नियद् नेल्लानार जैसी नवाचारी योजनाओं की शुरूआत की गई है। इस योजना के बेहतर और सार्थक परिणाम मिल रहे हैं। लोगों का विश्वास फिर से शासन-प्रशासन के प्रति लौटने लगा है।

आदिवासियों की आय में वृद्धि और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने लगातार ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे वनों के साथ आदिवासियों का रिश्ता फिर से मजबूत हुआ है। वनांचल क्षेत्रों में लघु वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के साथ-साथ तेन्दूपत्ता का खरीदी कार्य भी पहले से अधिक व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 36 कॉलेजों के भवन-छात्रावास निर्माण के लिए 131 करोड़ 52 लाख रूपए मंजूर किए गए है। इससे प्रदेश के 36 कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ होंगे तथा शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं युवाओं को उच्च स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होंगी और वे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकेंगे।

राज्य सरकार ने तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक दर प्रतिमानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। इससे लगभग 13 लाख जनजाति परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में लघु वनोपज संग्रहण भी महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हो रहा है। लघु वनोपज के प्रसंस्करण के लिए वनधन केन्द्रों की स्थापना की गई है।

प्रदेश में जनजातिय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है। राज्य में बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों के कामकाज को व्यवस्थित और प्रभावित बनाने के लिए इनका पुनर्गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इन प्राधिकरणों की कमान अब मुख्यमंत्री के हाथों में होगी। क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे तथा मुख्यमंत्री के सचिव अथवा सचिव इन प्राधिकरणों के सदस्य सचिव होंगे। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए बस्तर अंचल के देवगुड़ियां और घोटुलों तथा अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के आसपास एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। इससे लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, साथ ही ऐसे स्थानों में प्राकृतिक सुन्दरता भी बढ़ेगी।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 227 : गुरु वशिष्ठ अभिषेक कार्यक्रम की सफलता को लेकर हुए चिंतित

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



सुमंत जी गुरु वशिष्ठ के पास पहुंचे और उन्हें रानी कैकई के दोनों वरों के बारे में बताया। गुरु वशिष्ठ यह सुनकर चिंतित हो गए उन्होंने कहा, ''आज प्रातः से मुझे अनुकूल लक्षण दिखाई नहीं दे रहे थे। मुझे महाराज का इतनी देर के बाद भी अभिषेक के कार्यक्रम के लिए अपने अंतः कक्ष से बाहर नहीं आना, अभिषेक के लिए समुद्र के जल का न पहुंचना आदि यह सोचने के लिए बाध्य कर रहे थे कि सारा कार्य पूर्व योजना के अनुसार संपन्न हो पाएगा कि नहीं।अब तुमने जो जानकारी दी है सुमंत,उससे मेरी चिंता और बढ़ गई है।''

''जी गुरुदेव! अयोध्या में कोई भी व्यक्ति इस बात को सुनने और स्वीकार करने को तैयार नहीं होगा कि राजकुमार राम वन जा रहे हैं और भरत जी का युवराज पद पर अभिषेक हो रहा है। राजप्रासाद के बाहर बड़ी संख्या में प्रजाजन एकत्र हैं। यही स्थिति अयोध्या के मुख्य राजमार्गों और अन्य स्थानों की भी है अभिषेक स्थल पर भी लोगों का जमावड़ा है।'' सुमंत ने कहा।

गुरु वशिष्ठ ने कहा, ''सर्वप्रथम सेनापति शौर्य सेन को इस सूचना से अवगत कराइए, ताकि किसी भी स्थिति में विधि व्यवस्था में कोई बाधा उत्पन्न न हो। क्या राम अभी भी पिता के कक्ष में हैं?''

''हां गुरुदेव!'' सुमंत जी ने कहा।

गुरु वशिष्ठ ने दीर्घ श्वास लेते हुए कहा, ''राम आज्ञाकारी हैं। वे पिता के वचन जानकार रानी कैकेई की इच्छाओं को सहर्ष स्वीकार कर लेंगे। उचित यही है कि रानी कैकेई अपने वे दोनों वर वापस ले लें लेकिन इस अप्रत्याशित स्थिति में अब मुझे ऐसा होता संभव नहीं दिखाई दे रहा है।''

''गुरुदेव, मैं भी सोचने समझने की शक्ति खो चुका हूं। न जाने अब अयोध्या राज्य का क्या होगा?'' सुमंत जी ने कहा।

(संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में श्री राम की प्रेरक कथा लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसके कथा प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### आश्वासनी कार्रवाई

अखबार पढ़कर
बानी बोले- ''ध्यान दीजिए गजाधर!
इस खबर पर -
अवैध शराब एवं गांजा बिक्री पर
रोक लगाने ग्राम चकनार की
दर्जनों महिलाओं ने
थाना प्रभारी को दिया आवेदन।
इस पर क्या कार्यवाही होगी?
क्या कहता है आपका मन?
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
अनेक पोलिस अधिकारी/कर्मचारी
तो नशीली चीजों का सेवन
तो खुद करते है
इसलिए हम कहते हैं
आज यही बानी भाई।
पोलिस वाले करेंगे बस,
आश्वासनी कार्रवाई।



गिरीश बख्शी

## स्मृतियां

### वैयक्तिक संबोधन

1988-89 में उ.मा. शाला बांधाबाजार में एक छात्र था। एक दिन संभवतः कोई प्रदत्त कार्य करके नहीं लाया था। मैं अपने नियम के अनुसार उसे कक्षा से बाहर जाने कहा। कुछ दिनों बाद एक व्यक्ति मेरे तब के निवास बाधांबाजार में शाम को आया। आते ही तैस में अनाप शनाम बोलने लगा। मै कुछ समझ पाता इससे पहले उसने कहा ''मैं आपको देख लूंगा''। मैने कहा - देख लिजीए, कहाँ देखना है ? वे चुपचाप चले गए। फिर उनसे कभी मुलाकात नहीं हुई। बाद में एक दिन स्कूल में क्रीडा समारोह के पुरस्कार वितरण चल रहा था। मैने नाम की घोषणा करते कह दिया - मि. सुविमल। वो आया और अपना पुरस्कार ले कर चला गया।

शाम को वो मेरे घर आया। और हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। कहने लगा सॉरी सर, मुझसे गलती हो गई, मैने आपको गलत समझा।

तब माजरा समझ आया। वो मुझसे नाराज चल रहा था। कुछ दिन स्कूल नही आया। अपने घर का लाडला और वो घमकाने वाला व्यक्ति उसका स्थानीय पालक था । मात्र एक व्यक्तिशः संबोधन ने सारा मामला सहज कर दिया।

युगल किशोर तिवारी
8827292489

## कविता

### || आदिवासी अँव ||

गोंड़ मुंडा मीणा खड़िया, कोल भील नायक सहरिया।
बोडो भूमिज उरांव धुरिया, बइगा पठारी ओझा पहड़िया।।
बिरहोर पारधी लेपचा भुटिया, हल्बा कंवर पंखा अगरिया।
पतरी चेरो भुइयां बेदिया, मँय इँहिचे के रहवासी अँव।।
मिजो गारो बुक्सा जयंतिया, आदि अगामी खासी मुरिया।
रेंगमा कोरकू परधान माड़िया, कादर चेंचु खरवार धुलिया।।
भतरा कोरकू कमार नगेशिया, बरगी कोरबा नट जमनिया।
भील गरसिया बाल्मीक मँय, बूढ़ा देव के
बिसवासी अँव।।धरम करम अउ मरम ला सिरतो,
मानत हे अचरित दुनिया।बिझिया चेरू लोहरा मँय,
बन जंगल के महारासी अँव।। नदिया नरवा डोंगरी
पहारी, इही ले हमर हे सगरो दुनिया।
वैदिक सभ्यता पोठ करइया मँय,
सिरतो आदिवासी अँव।।



रोशन साहू ''मोखला''
(राजनांदगांव)
7999840942

## लघुकथा

### सावन की विनायक चतुर्थी

भगवान गणेश को सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूजनीय माना गया है। उनकी पूजा के बिना कोई भी मांगलिक कार्यक्रम पूर्ण नहीं माना जाता है। इस साल यह व्रत 08 अगस्त को रखा जाएगा। ऐसी मान्यता है कि इस कठिन व्रत का पालन करने से बड़े से बड़े विघ्न को आसानी से टाला जा सकता है। इसके साथ ही जीवन में सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य, धन और सौभाग्य का आगमन होता है। अगर आप बप्पा की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको इस दिन से जुड़ी कुछ प्रमुख बातों को अवश्य जानना चाहिए, जो इस प्रकार है।

#### कब है विनायक चतुर्थी?

हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 07 अगस्त, 2024 को देर रात 01 बजकर 05 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 09 अगस्त को रात 12 बजकर 36 मिनट पर होगा। इस तिथि पर चंद्रास्त रात 09 बजकर 27 मिनट पर होगा, जिसके चलते 08 अगस्त को चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा।

#### विनायक चतुर्थी पूजा विधि

ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र स्नान करें और पीले रंग के वस्त्र धारण करें। एक वेदी को साफ करें और उस पर गणेश भगवान की प्रतिमा को स्थापित करें। उनका पंचामृत और गंगाजल से अभिषेक करें। सिंदूर का तिलक लगाएं। पीले फूलों की माला और दुर्वा अर्पित करें। उनके प्रिय मोदक का भोग अवश्य लगाएं। देसी घी का दीपक जलाएं। भगवान गणेश के वैदिक मंत्रों का जाप करें। संकष्टी चतुर्थी व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। आरती से पूजा को समाप्त करें। अगले दिन सात्विक भोजन से अपने व्रत का पारण करें। पूजा में तुलसी पत्र गलती से भी शामिल न करें। व्रती पूजा में हुई गलतियों के लिए क्षमायाचना करें।

#### गणेश जी पूजा मंत्र:

1. त्रयीमयायाखिलबुद्धिदात्रे बुद्धिप्रदीपाय सुराधिपाय।
0 नित्याय सत्याय च नित्यबुद्धि नित्यं निरीहाय नमोस्तु नित्यम्।
2. महाकर्णाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात।।
3. गजाननाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात।।
श्री वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटी समप्रभा निर्विघ्नं
कुरु मे देव सर्व-कार्येशु सर्वदा।।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। इस राशि के इंजीनियर के लिए दिन बढ़िया होने वाला है आपको अच्छा फायदा होने के योग हैं।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों का आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है।आज परिवार में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

**कन्या** — आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे।

**धनु** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। आज का दिन शुभ है जो आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है।आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है आप ज्यादातर समय व्यस्त रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलकर आपको अच्छा लगेगा। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें।

**कुंभ** — आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा शासन की योजनाओं का लाभ - भरत वर्मा

**० जनसमान्य को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने शासन-प्रशासन का सतत प्रयास - कलेक्टर**
**० ग्राम अर्जुनी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन**



राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन्न और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में गांव के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचे, इसके लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आम जनता के बीच आकार सहानुभूतिपूर्वक कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सभी शामिल होकर अपनी सहभागिता निभायें। पर्यावरण में परिवर्तन आया है, जिसके कारण तापमान बढ़ रहा है एवं जल में कमी आयी है। उन्होंने किसानों से कहा कि हमें जल संरक्षण एवं पौधरोपण करने की आवश्यकता है। हमें देश के प्रति राष्टीयता की भावना जगाना है और 15 अगस्त को अपने गांव एवं घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराना है। सभी शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी लें और लाभ लें। कृषि, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों की जागरूकता के साथ जानकारी लें। स्वच्छता को अपनाएं और डायरिया की बीमारी की रोकथाम के प्रति जागरूक रहें। गांव-गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन दिया जा रहा है। राजस्व प्रकरणों, रिकार्ड, दुरूस्ती का कार्य किया जा रहा है। सभी ग्रामवासी इससे अधिक से अधिक लाभान्वित हो।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों से कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पात्रता अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने जीवन स्तर को अच्छा कर सकते हैं। शासन-प्रशासन का यह सतत प्रयास है कि जनसामान्य के बीच आकर ज्यादा से ज्यादा सेवाएं दें। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है। सभी ज्यादा से ज्यादा शासन की योजनाओं का लाभ लें और सभी स्टॉल में जाकर योजनाओं के संबंध में जानकारी लें। परिवहन विभाग के स्टॉल में लर्निंग लाईसेंस के लिए आवेदन दे सकते हैं। महाविद्यालय जाने वाले युवा आवेदन कर सकते हैं। आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं, वहीं कृषि से संबंधित सलाह ले सकते हैं। इस वर्ष अच्छी बारिश हुई है, हमारे पास यह अच्छा अवसर है कि हम जल संरक्षण कर सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा की तिथि 16 अगस्त तक बढ़ाई गई है। आकस्मिक स्थिति में फसलों की क्षति होने पर परेशानी नहीं हो। इसके लिए फसल बीमा का लाभ अवश्य लें। प्रीमियम में कम राशि देना है। केन्द्र एवं राज्य सरकार राशि का वहन करते है। फसल में किसी तरह का नुकसान होने पर बीमा से कवर होता है। उन्होंने आग्रह किया कि किसान ज्यादा से ज्यादा फसल बीमा कराएं। कई बार नामांकन, बंटवारा नहीं होने के कारण धान बिक्री करने में किसानों को दिक्कत होती है। इस समस्या के समाधान के लिए राजस्व अमला दो दिन का कार्य कर रहे है। एक हफ्ते में अभियान चलाकर जिले में कुल 26 हजार 90 त्रुटि सुधार किया गया है। गांव के ही दो मध्यम कुपोषित बच्चे थे। जो माताओं की देखरेख एवं जागरूकता से तंदुरूस्त हो गये हैं। यह जरूरी है कि बच्चों को प्रोटीन, विटामिन एवं पोषण तत्वों से भरपूर पौष्टिक आहार दिया जाये। पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव-गांव में प्रति शुक्रवार पालक-चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा भोजन के लिए आम जनता में जागरूकता ला रहे हैं, जिसके जिले में अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। कुपोषित बच्चे स्थानीय स्तर पर मिल रहे अच्छे आहार से सामान्य श्रेणी में आ जायेंगे। थोड़ा-थोड़ा करके बच्चे को दिन भर में खिलाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सघन रूप से पौधरोपण करने की जरूरत है। गर्मी बढ़ी है, वहीं जिले में भू-जल स्तर नीचे चला गया है। लगातार ट्यूब वेल, बोर के माध्यम से भू-जल दोहन से भू-जल स्तर नीचे चला गया है, भूमि में हमारा पानी बैंक है। जहां से हम पानी तो ले रहे हैं, लेकिन जमा नहीं कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यह स्थिति चिंतनीय हो। इसके लिए लगातार प्रयास करना होगा। कम पानी का उपयोग करने के साथ ही जल संरक्षण करने की जरूरत है। हमें गांव के पानी को गांव में खेत का पानी खेत में रोकना होगा। डबरी एवं कुआं, परकोलेशन टैंक जैसी जलीय संरचना का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। इस अभियान में सहभागिता निभाये और पौधे लगाएं। पानी के बहाव को रोकने में भी वृक्ष सहायक होते हैं। जीवन के लिए पानी और पेड़ जरूरी है। शासन द्वारा सड़क, भवन एवं अधोसंरचना के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जनसमान्य से कहा कि शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का समझ सकते हैं। कोई दिक्कत हो रही है, तो यहां समाधान ले सकते हैं। शासन द्वारा ग्रामों के विकास के लिए सतत कार्य किया जा रहा है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि अर्जुनी बड़ा ग्राम है, यहां बहुत सी गतिविधियां संचालित है। स्वच्छता दीदी एवं महिला स्वसहायता समूह द्वारा यहां बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। गांव में व्यवस्थित तरीके से कार्य किया जा रहा है। व्यवहार परिवर्तन से एक सकारात्मक परिवर्तन आया है। यहां स्वच्छता दीदी की आय बढ़ सकती है। इसके लिए सभी को सहयोग देना है। अर्जुनी के तालाब में वाटर ट्रिटमेंट प्लांट प्रारंभ करने के संबंध में योजना बनाई जा रही है। मनरेगा अंतर्गत तालाब, परकोलेशन टैंक, चेकडेम में बारिश के पानी को रोकने के लिए संरचना बना रहे हैं। आवास निर्माण की योजना है। पोट्ठ लइका पहल अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। शिविर में मछली पालन विभाग के हितग्राहियों को आईस बाक्स, मछली जाल, कृषि विभाग के हितग्राहियों को पावर स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग के हितग्राहियों को बीज वितरण किया गया। वन विभाग द्वारा शिविर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निश्शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस बनाया गया। इसी तरह आधार नवीनीकरण एवं पंजीयन कराया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, समाज कल्याण विभाग, क्रेडा, विद्युत, पशु चिकित्सा, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, श्रम विभाग, लीड बैंक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग और खनिज विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, एसडीएम श्री श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ श्री नवीन, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### आज जनसमस्या निवारण शिविर

डोंगरगढ़ (दावा)। 9 अगस्त दिन शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में सुबह 11 से 5 बजे के मध्य जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा किया गया है।

शिवाजी वार्ड नंबर 23की वार्ड पार्षद श्रीमती शालिनी ताम्रकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका से संबंधित सड़क/ नाली/ बिजली/ पानी/ राशन कार्ड संबंधित/जल टैक्स मकान टैक्स संबंधित/अन्य समस्या की शिकायत शिविर में दे सकते है। पार्षद प्रतिनिधि सुमित ताम्रकार ने शहरवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' : कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा सहित सभी जिला अधिकारियों ने किया पौधरोपण




खैरागढ़ (दावा)। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम बलदेवपुर में खैरागढ़ क्रेशर संघ के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा सहित सभी जिला अधिकारियों ने फलदार एवं छायादार पौधे का रोपण किया गया।। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की, जिसमें सभी से माताओं को श्रद्धांजलि के रूप में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया गया है। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने सभी से पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने मां के नाम पेड़ लगाने की अपील की है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, जिला स्तरीय अधिकारी, ग्राम सरपंच सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जीवन बीमा के मुख्य सलाहकार नीरज साहू ने किया रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार नीरज साहू ने अपने जन्मदिवस को खास बनाते हुए अपना बहुमूल्य 10वां रक्तदान दूरस्थ अंचल से आये मरीज को दान किया जो कि रक्त की कमी से जूझ रही थी यह जानकारी उनके मित्र कमल सिन्हा और ग्राम इंदामरा के युवा पंच रिनेश वर्मा ने दी।

### कशिश रावटे का प्रयास विद्यालय में चयन



हरदी (दावा)। कन्या माध्यमिक शाला पिनकापार से लगातार बच्चों का प्रयास विद्यालय, नवोदय विद्यालय में चयन हो रहा। छात्रा कशिश रावटे शुरू से होनहार रहा है। अपने मेहनत एवं लगन के साथ साथ अपने समस्त गुरु जन का सहयोग मानते हैं। कशिश रावटे विनोद रावटे की सुपुत्री है। पुत्री कशिश रावटे के प्रयास विद्यालय में चयन होने से रावटे परिवार खुशी जाहिर कर रहे हैं। कशिश रावटे के प्रयास विदयालय में चयन होने से कन्या माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक शयाम किरण नुन्हारे, प्राथमिक कन्या शाला के प्रधान पाठक विमला बोरकर, शिक्षिका अनिल कुंवर सेवता, शिक्षिका टोमेशवरी साहू, शिक्षक नितेश कुमार लोन्हारे, बालक माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, सफाई कर्मी हेमकुमारी देवांगन दिलीप रावटे ने खुशी व्यक्त किए हुए है एवं छात्रा कशिश रावटे एवं पिता विनोद रावटे को बधाई दी है।

## शनिदेव एवं हनुमान भगवान की मूर्ति स्थापना

### प्राण प्रतिष्ठा, शोभायात्रा और भंडारे का होगा आयोजन

**आज शोभायात्रा कल भंडारा**



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई अंतर्गत आने वाले पंडरिया वार्ड नम्बर 02 स्थित तालाब के पार में शनिदेव एवं हनुमान भगवान की मूर्ति की स्थापना किया जा रहा है। जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 02 निवासी किशन यादव, पार्षद श्यामपाल ताम्रकर, दयालु साहू सहित आम जन के सहयोग से उक्त स्थापना को करवाया जा रहा है। बता दे कि तालाब के पार में बरगद पेड़ के नीचे चबुतरे का निर्माण किया गया है इसी चबुतरे के ऊपर संगमरमर से शनिदेव और भगवान हनुमान की मूर्ति की स्थापना के लिए आसन बनाया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज 9 अगस्त को दोपहर 2 बजे रामायण मंडली के भजन गीतों के साथ उक्त शनिदेव मंदिर स्थल से शोभायात्रा निकाला जाएगा जो राम मंदिर वार्ड नम्बर 05 तक जाएगा और वहां से वापिस कार्यक्रम स्थल शनिदेव मंदिर तक ले जाया जाएगा। शोभायात्रा के बाद 10 अगस्त को भगवान शनिदेव एवं भगवान हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा जिसमे 05 परिवार के जोड़ो के द्वारा पूजा अर्चना किया जाएगा। अंत मे भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण को लेकर दिए गए फैसले के विरुद्ध 11 अगस्त को बैठक

**चरणबद्ध जन आंदोलन चलाने पर विचार विमर्श हेतु विचार कर रहा है प्रभावित समाज**

डोंगरगढ़(दावा)। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के समस्त संगठनों के पदाधिकारियों को सूचना के माध्यम से कहा गया हैं कि, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में क्रिमीलेयर लागू करने एवं अनुसूचित जातियों, जनजातियों में वर्गीकरण कर आरक्षण लागू करने के असंवैधानिक फैसले के विरुद्ध चरणबद्ध जनआंदोलन चलाने पर विचार विमर्श किया जाना है। इस हेतु 11 अगस्त 2024 दिन रविवार को समय 2 बजे अपरान्ह में नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ में एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई है।जिसमें समस्त कर्मचारियों, पदाधिकारियों, महिला मंडल, छात्र नवजवानों एवं प्रबुद्ध लोगों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित होवे। एससी, एसटी व ओबीसी संघर्ष समिति की ओर से अनुरोध किया गया है की,इस सूचना को व्यक्तिगत मानकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर जन आंदोलन में भागीदारी निभाएं।

## पेड़ लगाबो पैसा कमाबो अभियान से महिलायें आर्थिक रूप से संबल




छुरिया (दावा)। 7 अगस्त को हरियाली बाहिनी अभियान के तहत टीपानगढ़ छुरिया में कार्यक्रम था जिसमें संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगांव, पद्मश्री फूलबासन यादव अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति राजनांदगांव, सुश्री सुरुचि सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव, शिव कुमार देवांगन संयोजक हरियाली बाहिनी अभियान, एम डी.ठाकुर शामिल हुवे जिसमें कलेक्टर बोले की सामूहिक प्रयास से बड़े-बड़े काम किए जा सकते है और पानी बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाकर पानी को रोका जा सकता है, जिससे पानी का लेवल ऊपर आयेगा, कलेक्टर ने हरियाली बहिनी के द्वारा घर से लगे बाड़ी में फलदार- पौधारोपण मॉडल काफी अच्छा मॉडल है इससे सुरक्षा के साथ ही देखरेख अच्छी तरह से हो पायेगी उन्होने महिलाओं प्रेरित करते हुए कहा कि, नारी शक्ति को नशा मुक्ति के लिए आगे आने की आवश्यकता है। श्रीमती फुलबासन यादव ने महिलाओं की सभी घर कम से कम 10 फलदार पौधा लगाएं जिससें परिवार को मुनाफा होगा कोरोना समय की बात किए उस समय अक्सीजन के लिए लोग तरसते रहे लेकिन आक्सीजन की व्यवस्था नहीं कर पाए और लोग मर गए इसलिए अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किए।

सुरूचि सिंह ने हरियाली बहिनी के द्वारा पेड़ लगाबोन-पैसा कमाबोन अभियान से महिलाएं आर्थिक रूप से संबल होगी उन्होने आगे कहा कि जिला प्रशासन नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान में हरियाली बहिनी बड़ी भूमिका निभा रही है। हरियाली बहिनी के संयोजक शिवकुमार देवांगन ने कहा कि, हरियाली बहिनी का अभियान कलस्टर स्तर पर चलायी जा रही है। ताकि हरियाली बहिनी के प्रोत्साहन से लगे फलदार-पौधे का समय-समय पर मानिटरिंग की जा सकती है। इस दौरान सरपंच टीपानगढ़, श्रीमति जनिया साहू, धनेश्वरी मंडावी, डालेश्वर साहू, ओमेश सहारे, खेमिन, चंदन साहू, कमेलश्वरी, हरियाली बहिनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## हाईस्कूल मनगटा में संकुल स्तर मेगा बैठक संपन्न



टेड़ेसरा (दावा)। विकासखंड राजनांदगांव के अंतर्गत मनगटा संकुल के तहत ग्राम जोरातराई के मंगल भवन में मेगा बैठक में क्षेत्र के पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। बैठक के दौरान संकुल प्राचार्य संगीता गुप्ता के द्वारा 12 एजेंडों के तहत चर्चा किया गया। बच्चों के पढ़ाई के संबंध में भी चर्चा किया। बच्चे जिस जगह में पढ़ाई कर रहे हैं। वह जगह शांत वातावरण बना रहे, जहां कोई इसी प्रकार की डिस्टर्ब ना हो ऐसी वातावरण बनाए रखें जहां बच्चों के पढ़ाई लिखाई अच्छी तरह से हो सके। बारी-बारी सभी शिक्षकों के द्वारा ज्ञानवर्धक बातें कहीं गई। मेगा बैठक के दौरान संकुल प्राचार्य संगीता गुप्ता, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक चंपालाल देवांगन, भाजपा महिला मोर्चा घुमका मंडल अध्यक्ष महेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, संतोष साहू सरपंच, उमाशंकर साहू, अशोक साहू एवं समस्त शिक्षकगण व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शा. हाईस्कूल बुटाकसा में संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक सम्मेलन



**0 बड़ी संख्या में पालक एवं जनप्रतिनिधि हुए शामिल**
**० बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए आवश्यक सुझाव**

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार आज अम्बागढ़ चौकी विकासखण्ड हाईस्कूल बुटाकसा में संकुल स्तरीय मेगा शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य जितेंद्र साव के संकुल समन्वयक लेखराम ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप में सालिक राम कोरेटी, दौलत उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य जितेन्द्र साव ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ग्राम धनेश विश्वकर्मा, भास्कर ठाकुर, लेख राम ठाकुर, नीलकंठ कोमरे, रश्मि ठाकुर, व्यासनारायन गंगासागर, दीपक कुम्भज, ईश्वर गजेंद्र, इंद्राणी बोरकर अतिथिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेन्द्र साव ने शिक्षक-पालक बैठक के आयोजन के शासन की इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक-पालक बैठक के माध्यम से बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों का विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य गतिविधियों से समुचित भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल समन्वयक श्री लेखराम ठाकुर ने कहा कि विकास का मार्ग शिक्षा से ही प्रारंभ होता है। इसलिए शिक्षण संस्थानों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त एवं परिणाम उन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। श्री ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों के विकास एवं उन्हें शिक्षा और संस्कार प्रदान करने में शिक्षकों के अलावा उनके माता-पिता, परिवार एवं समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार के द्वारा विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था अन्य गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु शिक्षक-पालक बैठक के आयोजन का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं भावी भविष्य के निर्माण हेतु शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी शिक्षकों से पूरे लगन, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। मेगा बैठक में शासन द्वारा 12 बिंदु पर फोकस किया गया था- मेरा कोना -श्रीमती दीपक कुंभज ने बताया की बच्चों को भावना व्यक्त करने के लिए घर में एक कोना चाहिए, छात्र दिनचर्या पर श्री व्यासनारायण गंगासागर ने पालकों को बताया बच्चो की सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर दिनचर्या रखनी होगी। बच्चो ने आज क्या सीखा श्रीमती रश्मि ठाकुर ने अच्छा परिणाम के लिए पालकगण नियमित अपने बच्चो से चर्चा करे की आज क्या बढ़ाई हुई, परीक्षा पर चर्चा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, नीलकंठ कोमरे ने बताया परीक्षा की तैयारी कैसे करे, बच्चों के होने वाली भय को दूर कैसे करे विस्तार से बताया, शासन की विभिन्न योजना को लेखराम ठाकुर ने जानकारी दी गई, शाला त्यागी की जानकारी गजेंद्र सर ने दी, भास्कर ठाकुर ने अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को कैसे नियमित शाला आने पर चर्चा किया समस्त बिंदु पर संकुल प्राचार्य ने पालकों से चर्चा किया गया नीलकंठ कोमरे, श्रीमती रश्मि ठाकुर, व्यासनारायन गंगासागर, दीपक कुम्भज एवं अन्य अतिथियों ने एवं विशेषज्ञ शिक्षकों ने संबोधित करते हुए शिक्षा गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बच्चों के पालकों एवं अभिभावकों ने भी विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था एवं अन्य क्रियाकलापों की भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में दौलत, रामचंद्र नेताम, देविका बाई, रजवंतीन कोर्राम, अनिला तुलावी, नीरा कोरेटी, अरुण यादव, राधा यादव, सूरज निषाद, धनेश विश्वकर्मा, सांता, संत्री नेताम, उत्तम नेताम, नावेंद्र चंद्रवंशी, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिका तथा बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

## सिकलसेल परीक्षण शिविर में 264 विद्यार्थियों में पांच विद्यार्थी पॉजिटिव पाए गए



डोंगरगढ़ (दावा)। शा. कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉक्टर आर.के.ठाकुर के दिशा निर्देशन में आईक्यूएसी प्रभारी डॉक्टर हेमलता गायकवाड एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी अरुण कुमार साहू तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाल बहादुर नगर के संयुक्त तत्वाधान में सिकल सेल परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 264 विद्यार्थियों का सिकलसेल परीक्षण में पांच विद्यार्थी पॉजिटिव पाया गया तथा उन्हें पुनः जांच हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से वाय के देवांगन, नागेंद्र साहू, ज्योति किरण आदि स्वास्थ्य टीम तथा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ का सिकलसेल परीक्षण शिविर आयोजन मे सहयोग रहा।

# पहला कॉलम...

## भूकंप के झटकों से दहल गया जापान

टोक्यो। जापान में गुरुवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। दक्षिण-पश्चिमी जापान में लोगों ने 7.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप के साथ ही जापान में सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, फिलहाल देश में किसी जान-माल या किसी बड़ी क्षति की खबर नहीं है। जापानी अधिकारियों ने क्यूशू और शिकोकू के पश्चिमी द्वीपों के प्रशांत तट के लिए एक मीटर ऊंची सुनामी लहरें उठने की चेतावनी जारी की है। वहीं, भूकंप के बाद क्यूशू के मियाजाकी प्रान्त में 20 सेंटीमीटर ऊंची लहरें उठते हुए देखी गईं।

## प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शनउल्लंघन के आरोप लगाए

नई दिल्ली। श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शन कोड के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। आईसीसी ने गुरुवार को बताया है कि श्रीलंकाई स्पिनर ने तीन नियमों का उल्लंघन किया है। जयविक्रमा पर आरोप हैं कि उनसे जब मैच फिक्स करने को लेकर संपर्क किया गया तो उन्होंने इसकी जानकारी क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था को नहीं दी। इसके अलावा उन्होंने जांच में भी बाधा डालने की कोशिश की। आईसीसी के मुताबिक, श्रीलंका में खेली जाने वाली लंका प्रीमियर लीग के 2021 सीजन के दौरान जयविक्रमा से मैच फिक्स करने के लिए संपर्क किया गया था। इसके अलावा उनसे कहा गया था कि वह एक अन्य खिलाड़ी से इसी टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने को कहें। आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि श्रीलंकाई खिलाड़ी ने उन मैसेजेस को डिलीट कर दिया जिनमें उनसे फिक्सिंग करने की बातें कहीं गई थीं। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, ÷श्रीलंकाई गेंदबाज ने अपने पास से उन मैसेजेस को डिलीट कर दिया जिनमें से मैच फिक्स करने को कहा गया था। जयविक्रमा के पास अपने ऊपर लगे आरोपों के जवाब देने के लिए छह अगस्त से लेकर 14 दिन का समय है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू न्यूजीलैंड पहुंची



वेलिंगटन। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो और उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स से मुलाकात कर मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मुर्मू तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के तहत बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। यहां पहुंचने पर उन्हें रॉयल गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच च्यक्सज् पर एक पोस्ट में कहा, च्च्राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।ज्ज् बाद में पीटर्स ने भी राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। पीटर्स न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री भी हैं। मुर्मू के कार्यालय ने कहा, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को रेखांकित किया और कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने वेलिंगटन में न्यूजीलैंड अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में बात की।

## शेख हसीना की बेटी साइमा का छलका दर्द, कहा...



नई दिल्ली। बांग्लादेश में बीते कुछ दिनों जो हुआ उससे सत्ता लेकर सियासत तक बदल गई है। ऐसे वक्त में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी साइमा वाजिद ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने देश में लोगों की जान जाने से,साथ ही ऐसे कठिन समय में अपनी मां को च्देख नहीं पाने से, उन्हें गले नहीं लगा पाने से बेहद दुखी हैं।ज्ज् बांग्लादेश में छात्रों के सरकार विरोधी-प्रदर्शनों के कारण हसीना ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़ने के बाद भारत में शरण ली है। शेख हसीना की बेटी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जिस बांग्लादेश से मैं प्यार करती हूं वहां लोगों की जान जाने से मेरा दिल टूट गया है। इस कठिन समय में अपनी मां को देख नहीं सकती, उन्हें गले नहीं लगा सकती। इस बात से मैं बेहद दुखी हूं। मैं आरडी के तौर पर अपनी भूमिका निभाती रहूंगी। वाजिद दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय निदेशक हैं।

# कुश्ती में टूटा गोल्ड मेडल का सपना, पहलवान अमन सहरावत सेमीफाइनल में हारे



पेरिस। भारत के युवा पहलवान अमन सहरावत गुरुवार को पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में हारकर गोल्ड मेडल की रेस से बाहर हो गए। पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइनल अमन का सामना जापान के शीर्ष वरीय रेई हिगुची से था। रेई हिगुची ने 10-0 के बड़े अंतर से एकतरफा अंदाज में अमन सहरावत को पटक दिया। अभी भी ब्रॉन्ज मेडल की उम्मीद बची है। अब वह शुक्रवार को रात 10.45 बजे कांस्य पदक के मैच में पुअर्तो रिको के डारियान टोई क्रूज से भिड़ेंगे।

रवि कुमार दहिया ने इसी कैटेगरी में पिछले ओलंपिक में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया था। अमन ने रवि को नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स में हराकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इससे पहले अमन सहरावत ने क्वार्टरफाइनल में अल्बेनिया के जेलिमखान अबाकारोव पर तकनीकी श्रेष्ठता (12-0) के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीद जताई थी। पहले राउंड में अबाकारोव की 'पैसिविटी' (निष्क्रियता) के कारण एक अंक और फिर 'टेक डाउन' से दो अंक हासिल किए थे। दूसरे राउंड में भी पूर्व विश्व चैंपियन अबाकारोव का यही हाल रहा। इससे पहले अमन उत्तर मैसेडोनिया के प्रतिद्वंद्वी व्लादिमीर इगोरोव के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। महिलाओं की 57 किग्रा स्पर्धा में अंशु मलिक हारीं, रेपेचेज की उम्मीद टूटी-अपने दूसरे ओलंपिक में हिस्सा ले रही भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के प्रीक्वार्टर फाइनल में अपने से अनुभवी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पांचवीं वरीय हेलेन लुसी मैरोयूलिस से 2-7 से हार गईं। अंशु के रेपेचेज में खेलने के लिए मैरोयूलिस को फाइनल तक पहुंचना था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मैरोयूलिस सेमीफाइनल में जापान की सुगुमी साकुराई से 4-10 से हार गईं।

प्री क्वार्टरफाइनल के पहले राउंड में अमेरिका की रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान मैरोयूलिस ने शुरू से दबदबा बनाते हुए बढ़त हासिल की। इसमें अंशु काफी 'डिफेंसिव' लग रही थी, पर उन्होंने दुनिया की इस मशहूर पहलवान को और अंक नहीं बनाने दिए। दूसरे राउंड में भी तीन बार की विश्व चैम्पियन मैरोयूलिस ने यही प्रदर्शन जारी रखते हुए पांच अंक जुटाये और चेतावनी मिलने के बावजूद जीत दर्ज की जबकि वापसी की कोशिश में जुटीं अंशु केवल दो अंक ही हासिल कर सकीं।

# मेडल जीतने पर मनु भाकर पर पैसों की बारिश




नई दिल्ली। भारतीय शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में देश के लिए पहला मेडल जीता था. उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल देश को दिलाया. भारत को पेरिस ओलंपिक में अभी तक तीन मेडल मिले हैं और तीनों ही शूटिंग से आए हैं. मनु भाकर से हाल ही में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मुलाकात की.

उन्होंने मुलाकात के दौरान मनु को प्राइज मनी का चेक भी दिया. मनु भाकर ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी. खेल मंत्री मांडविया ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है.भारत को वीमेंस पिस्टल शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मनु भाकर को 30 लाख रुपए का चेक दिया गया. केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मनु को चेक सौंपा.

**खेल मंत्री ने दिया 30 लाख रुपए का चेक**

उन्होंने मनु के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की. खेल मंत्री मांडविया ने लिखा, पेरिस ओलंपिक्स 2024 में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्वदेश लौटीं देश की बेटी मनु भाकर से आज मिलकर उन्हें ऐतिहासिक जीत की बधाई और शुभकामनाएं दीं. बता दें कि मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था.

# ओलंपिक विवाद के बाद विनेश फोगाट ने रेसलिंग से लिया संन्यास

नईदिल्ली। भारतीय स्टार रेसलर विनेश फोगाट ने अचानक कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान करके हर किसी को चौंका दिया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए रिटायरमेंट की घोषणा की है. पेरिस ओलंपिक 2024 में विनेश को गोल्ड मेडल मैच से ठीक पहले100 ग्राम वजन तय सीमा से अधिक था जिसके बाद मैच अधिकारियों ने उन्हें अयोग्य करार दे दिया था.



लिखा-मां कुश्ती जीत गई, मैं हार गई..

विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए कुश्ती को हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- माँ कुश्ती मेरे से जीत गई मैं हार गई माफ करना आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं, इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब. अलविदा कुश्ती 2001-2024. मैं आपकी आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी माफी.

विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 से उनके मेडल मैच से ठीक पहले 100 ग्राम वजन तय सीमा से अधिक था, जिसके बाद मैच अधिकारियों ने उन्हें अयोग्य करार दे दिया था. विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल रेसलिंग के इवेंट में हिस्सा लिया था. विनेश इस फैसले के बाद अस्पताल में भी भर्ती हो गई थी. डॉक्टर ने बताया है कि अपना वजन कम करने के लिए विनेश और टीम ने पूरी कोशिश की.

डॉक्टर पारदीवाला ने आगे कहा, 'अगर हमारे पास कुछ घंटे और होते तो हम 100 ग्राम वजन कम कर सकते थे, लेकिन हमारे पास वह समय नहीं था. वह फिजिकली और मेडकली रूप से बिल्कुल सामान्य है. हमने एहतियात के तौर पर उसका ब्लड टेस्ट कराया है.' विनेश फोगाट ने 7 साल की उम्र में ही रेसलिंग शुरू कर दी थी. उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं. वह वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान तक पहुंच चुकी हैं. 2019 और 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में 53 किग्रा कैटेगरी में विनेश ने ब्रॉन्ज मेडल जीते थे. 2018 एशियन गेम्स में विनेश ने गोल्ड पर कब्जा जमाया था. इसके साथ ही विनेश के नाम कॉमनवेल्थ गेम्स में भी 3 गोल्ड हैं.

# शेयर बाजार में आई गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारी उठापटक के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ है. दिनभर बाजार कभी लाल तो कभी हरे निशान में कारोबार करता नजर आया है. लेकिन बाजार बंद होने से पहले बिकवाली लौटने के चलते गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. बीएसई सेंसेक्स 582 अंकों की गिरावट के साथ 78,886 अंकों पर बंद हुआ है तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 180 अंकों की गिरावट के साथ 24,117 पर बंद हुआ है. बाजार को नीचे ले जाने में आईटी और एनर्जी स्टॉक्स का हाथ रहा है. श्री सीमेंट 3.81 फीसदी, नॉल्को 3.72 फीसदी, ग्रासिम 3.50 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 3.40 फीसदी, सेल 2.95 फीसदी, बर्जर पेंट्स 2.92 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

# पदक से चुकीं मीराबाई चानू



पेरिस। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू यहां पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं।

महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में चानू ने कुल 199 किलोग्राम वजन उठाया और वह चौथे स्थान पर रहीं। चीन की हो झिहुई ने कुल 206 किलोग्राम के साथ नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। रोमानिया की वेलेंटीना (205 किग्रा) को रजत और थाईलैंड की सुरोदचना खम्बाओ (200 किग्रा) को कांस्य पदक मिला। चानू ने स्नैच राउंड में अपने तीसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया था। क्लीन एंड जर्क राउंड में उन्होंने पहले प्रयास में 111 किग्रा अटेम्प्ट किया लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सकीं। दूसरे प्रयास में उन्होंने 111 किग्रा उठाया। उन्होंने तीसरा प्रयास 114 किलोग्राम के लिए किया और यदि वह इसे पूरा कर लेती तो कांस्य पदक उनके नाम होता। लेकिन उनका तीसरा प्रयास मान्य नहीं रहा।

# जर्मनी में होटल की इमारत ढहने से दो लोगों की मौत



यूरोप। जर्मनी से होटल की इमारत ढहने की खबर सामने आई है। होटल मोजेल नदी के किनारे बसे क्रोएव शहर में है। बताया जा रहा है होटल की इमारत का कुछ हिस्सा गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और अन्य लोग फंसे हुए हैं।

वहीं अग्निशमन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि क्रोव में इमारत ढहने के समय उसमें 14 लोग थे। जर्मन की ट्रायर पुलिस का इस मामले में कहना है कि कि एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई है और तीन लोग फंसे हुए हैं। एक भी शव अभी तक बरामद नहीं हुआ था।

फंसे हुए लोग पुलिस से फोन पर संपर्क कर पा रहे हैं, इसलिए अधिकारियों को उनके स्थिति का पता चल पा रहा है।बता दें कि होटल की छत ढह गई है, इसलिए मलबे में फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए ऊपर से एक कोर ड्रिल का इस्तेमाल किया जा रहा है।

विशेष बल, बचाव कुत्ते दल और ड्रोन इकाइयों सहित लगभग 250 अग्निशामक, पैरामेडिक्स, पुलिस और तकनीकी राहत कार्यकर्ता साइट पर हैं। इमारत गिरने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। ट्रायर पुलिस के अनुसार, इमारत का निचला हिस्सा 17वीं शताब्दी का है, जबकि दो ऊपरी मंजिलें 1980 में जोड़ी गईं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार तक इमारत पर निर्माण कार्य चल रहा था और होटल के आसपास के तीन घरों को खाली करा लिया गया है।

# आरबीआई ने लगातार 9वीं बार रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 9वीं बार रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया है। रेपो रेट में पिछले 18 महीनों से कोई बदलाव नहीं हुआ है। 6 अगस्त को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में शुरू हुई आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक का आज आखिरी दिन था। बैठक खत्म होने के बाद गवर्नर ने कमेटी के फैसलों का ऐलान किया। आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी के 6 में से 4 सदस्यों ने दरों में बदलाव न करने के पक्ष में फैसला सुनाया।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि टिकाऊ ग्रोथ के लिए प्राइस स्टेबिलिटी जरूरी है। रेपो रेट के अलावा एमएसएफ, रिवर्स रेपो रेट और बैंक रेट को भी स्थिर रखने का ऐलान किया गया है। बताते चलें कि मौजूदा स्नस्न 6.75त्न, रिवर्स रेपो रेट 3.35 प्रतिशत और बैंक रेट 6.75 प्रतिशत पर हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक 4 प्रतिशत के महंगाई दर के लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिशों में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा ग्लोबल ग्रोथ आउटलुक पॉजिटिव दिख रहा है लेकिन मध्य अवधि के ग्लोबल ग्रोथ आउटलुक चुनौतिपूर्ण नजर आ रहे हैं।

बताते चलें कि देशभर के एक्सपर्ट्स पहले ही ये अनुमान जता रहे थे कि आरबीआई इस बार भी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि देश की मौजूदा खुदरा महंगाई दर उच्चस्तर पर है। जून में खुदरा महंगाई दर चार महीनों के उच्च स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। जब तक खुदरा महंगाई दर नीचे नहीं आती है तब तक रेपो रेट में कटौती की संभावना बहुत कम है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने आखिरी बार साल 2023 के फरवरी महीने में रेपो रेट में बदलाव करते हुए इसमें बढ़ोतरी की थी। फरवरी, 2023 से ही रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है।

# प्रथम पेज का शेष

***राहुल गांधी ने पार्टी के सांसदों के साथ...***

गौरव गोगाई ने दी बैठक की जानकारी- लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगाई ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि बांग्लादेश की स्थिति, चीन का मामला, आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर राहुल गांधी ने सांसदों से चर्चा की है। गोगोई ने कहा कि सांसदों को संसद में बोलने का मौका दिया जाएगा। उनको विभिन्न विषयों को उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

***मोहम्मद यूनुस बने बांग्लादेश की...***

मोहम्मद यूनुस का छात्रों के नाम संदेश- मोहम्मद यूनुस ने देश के सभी लोगों से आग्रह किया कि उनकी बात सुनें। उन्होंने कहा कि वह अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के लिए छात्रों और युवाओं के अनुरोध पर तैयार हुए हैं। यूनुस ने कहा, 'अगर आपको मुझमें भरोसा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि देश के कहीं भी किसी पर भी कोई हमला नहीं होगा। यह हमारी पहली जिम्मेदारी है। यदि मैं ऐसा नहीं कर पाया और आपने मेरी बात नहीं मानी तो मेरा यहां होने का कोई मतलब नहीं है।' यूनुस ने कहा, 'देश अब युवाओं हाथ में है। आपको इसे अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप फिर से बनाना है। आप अपनी रचनाशीलता का इस्तेमाल कर देश का निर्माण करें। आपने देश के लिए आजादी हासिल की है।'

***जनदर्शन में एक समस्या ऐसी भी...***

इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर बलौदाबाजार को तत्काल कार्रवाई कर किसानों को राहत दिलाने की निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा अविलंब इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

***शराब घोटाला : अनवर-एपी की रायपुर...***

जिसके बाद रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई और बाद में न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। लेकिन ईडी अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को हिरासत में लेकर पूछताछ नहीं कर पाई थी।

कोर्ट में 10 हजार पन्ने की पेश की गई है चार्जशीट - छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ के लीकर स्कैम में जुलाई के पहले हफ्ते में पीएमएलए स्पेशल अदालत में चार्जशीट पेश की थी। जहां ईडी ने 10, 200 पन्ने की चार्जशीट पेश कियागया था। जिसमें रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक ढिल्लन और आबकारी विभाग में अधिकारी रह चुके एपी त्रिपाठी को घोटाले का मास्टर माइंड बताया था।

चार्जशीट में बताया गया है कि, इन लोगों ने मिलकर सरकारी सिस्टम का दुरुपयोग करते हुए बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया। चार्जशीट में इस बात का भी जिक्र है कि, इन रुपए को कुछ राजनीतिक साझेदारी के साथ बांटा भी गया। चार्जशीट में कारोबारियों और अधिकारियों के बीच हुए वॉट्सऐप चैट से लेकर शराब घोटाले के सिंडिकेट के बीच कामकाज का ब्योरा भी है।

***राजनीतिक मामलों में दर्ज एफआईआर ...***

एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहे। मंत्रिपरिषद उपसमिति की बैठक में विभिन्न जिलों से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित 137 दर्ज प्रकरणों में से 46 प्रकरणों की आज समीक्षा की गई। इन मामलों को खत्म किया जा सकता है।

अब मंत्रिपरिषद उपसमिति इन अनुशंसाओं को मंत्रिपरिषद, यानी कि कैबिनेट की बैठक में विचार करने के लिए पेश करेगी और सरकार आगे का फैसला करेगी। माना जा रहा है कि जो केस खत्म किए जाएंगे उनमें से अधिकांश भाजपा के लोगों पर हैं। विरोध प्रदर्शन धरना रैली के दौरान ये केस दर्ज हुए हैं। इनमें अधिकांश मामले, स?क पर बवाल करने , ट्रैफिक रोकने, पुलिस से झूमाझटकी करने जैसे हैं।

खुद गृहमंत्री पर दर्ज हो चुका है केस- विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कांग्रेस से सवाल पूछा था कि कवर्धा हिंसा कांड में मेरे ऊपर एफआईआर हुआ। क्या में एके47 लेकर टहलता था जो मेरे ऊपर एफआईआर हुआ। जेल भेजे जाने के बाद भी मेरे ऊपर कई केस हुए। जेल भेजे जाने के बाद मेरे ऊपर कराए गए मुकदमे का क्या कांग्रेस के पास कोई जवाब है। कांग्रेस सरकार ने भी खत्म किए थे केस- विशुद्ध रूप से राजनीतिक प्रकरणों की वापसी की प्रक्रिया कांग्रेस शासनकाल में भी हुई थी। तब गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की समिति ने 37 राजनीतिक प्रकरणों में से 21 को खत्म करने की सहमति बनाई बाद में इनमें से अधिकांश केस तबकि भूपेश कैबिनेट ने खत्म कर दिए थे।

***महादेव सट्टा एप से संबंधित पैसों का..***

अफसर दिनेश यादव से खाते खुलवाए, सुनील साहू ने अरुण रात्रे को 12 से 15 हजार रूपए का कमीशन दिया। इसके बाद इन्होंने खाता खुलवाने के लिए इंडसइंड बैंक के ऑपरेशन मैनेजर दिनेश यादव और कर्नाटका बैंक के सेल्स एशोसियेट दीपक गुप्ता को खाता खुलवाने में 4-5 हजार कमीशन दिया,

जिसके बाद बैंक अफसर भी इनके साथ लोगों का खाता खुलवाकर ठगी करने में शामिल हो गए। 0 पुलिस कर रही है मामले की जांच - पुलिस मामले की गहनता के साथ जांच कर रही है, जिससे इस प्रकार के फ़र्ज़ी खाता खुलवाने वालों का पता लगाया जा सके। अभी तक की जांच में पुलिस को 50 से अधिक ऐसे और खाते मिले हैं जिनके ट्रांजेक्शन संदिग्ध नजर आ रहे हैं।

# स्पेन के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे, पांच गोल बचाए, ओलंपिक कांस्य पदक के साथ श्रीजेश की विदाई

पेरिस। भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया है। पेरिस ओलंपिक में स्पेन के खिलाफ भारत के कांस्य पदक जीतते ही श्रीजेश का सफर समाप्त हो गया। इसके बाद श्रीजेश भावुक होकर मैदान पर ही लेट गए। बाकी खिलाड़ी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे और जश्न में उनकी पीठ थपथपाने लगे।



फिर जैसे ही श्रीजेश खड़े हुए, सभी भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और उनके आगे नतमस्तक हो गए। उन्होंने करियर में 336 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

जीत के बाद श्रीजेश ने कहा कि फाइनल से पहले कोच ने कहा था कि यह श्रीजेश का आखिरी मैच है और वह मैदान पर भी वैसा ही जुनून और जज्बा दिखाएगा। यह दिग्गज गोलकीपर उम्मीदों पर खरा उतरा और स्पेन के छह में से पांच अटैक को अपनी शानदार डिफेंडिंग स्किल से रोक लिया। 36 साल के श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक था और उन्होंने इसका शानदार अंत किया। वह लगातार दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 2016 रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टीम आठवें स्थान पर रही थी। हालांकि, उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक और अब पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता है। 2010 में अपना पहला विश्व कप खेलने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे। श्रीजेश ने अपनी गर्लफ्रेंड अनीषया से शादी की थी, जो कि एक लॉन्ग जंपर और आयुर्वेद डॉक्टर भी हैं। इस कपल की एक बेटी (अनुश्री) और एक बेटा भी है। श्रीजेश 2016 में सरदार सिंह को रिप्लेस कर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान बने थे। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने अपनी गोलकीपिंग से भारत को 41 साल बाद पुरुष हॉकी में ओलंपिक पदक जिताने में मदद की थी। बोर्ड के इम्तिहान में ग्रेस अंक पाने के लिए खेलों में उतरने से लेकर 'भारतीय हॉकी की दीवार' बनने तक पराट्टू रवींद्रन श्रीजेश का सफर उपलब्धियों से भरपूर रहा।

# हरियाली बहिनी के पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोन अभियान सराहनीय - कलेक्टर जयवर्धन



मोहला (दावा)। 7 अगस्त को ग्राम-कुडुम में हरियाली बहिनी के द्वारा आयोजित पेड़ लगाबोन-पैसा कमाबोन अभियान के अंतर्गत फलदार - पौधा रोपण में कलेक्टर एस. जयवर्धन पहुँचकर महिलाओं के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि, इस अभियान से महिलाए आर्थिक रूप में संबल होगी साथ ही पर्यावरण एवं जल संरक्षण में महत्वपूर्ण अदा करेंगी। हरियाली बहिनी के द्वारा घर के बाड़ी, खेतों के मेढ़ में फलदार रोपण कर अतिरिक्त आय का जरिया बना रही हैं उन्होने आगे कहा कि जंगल को सुरक्षित रखे, स्वंय के पड़त जमीन को खाली न छोड़े उसमें जमीन के हिसाब से वृक्षारोपण एवं अन्य फसल ले जिससें और आय हो सके, वन विभाग के किसान वृक्ष सम्पदा योजना का लाभ ले सकते है। 15 से 20 वर्ष में सगौन के एक पेड़ से एक लाख की आमदानी होती है। किसान 15 पेड़ लगाकर 15 लाख तक आमदानी पा सकते है। धान की खेती के कुछ एरिया में अन्य फसल लेना चाहिए इससे आमदानी बढ़ेगी उन्होने आगे कहा कि, स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शौच मुक्त काफी हद तक हुआ है अब हमें कचरा का निपटारा करना है इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कचरा को अलग- अलग करने से आर्थिक लाभ हो सकता है।

इस दौरान हरियाली बहिनी पेड़ लगाबोन- पैसा कमाबोन के संयोजक शिवकुमार देवांगन ने कहा कि, गांव- गांव में हरियाली बहिनी के द्वारा फलदार - पौधा रोपण कर रही है, महिलाओं को समझ में आ चुका है फलदार पौधा लगाने से 3-4 वर्ष के बाद एक निश्चित आय आना शुरू हो जायेगा। इस अभियान में कृषक स्व-फुर्त फलदार पौधा लगाने के लिए आगे आ रहे है। कृषकों को केशर आम कम दरों पर उपलब्ध करायी जा रही है। ताकि मोहला विकासखण्ड केशर आम के नाम से एक अलग पहचान बना सके। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान वन विभाग के एस.डी.ओं. तहसीलदार, हरियाली बहिनी, किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक



टेड़ेसरा (दावा)। विकासखण्ड व जिला राजनांदगांव छ.ग. में दिनांक 6 अगस्त 2024 को शास.उच्च.माध्य.शाला टेडेसरा में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें सभी 12 एजेंट के बारे में विस्तार से आए हुए पालकगानों को शिक्षा नीति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। यह आयोजन सफलता पूर्वक रहा जिसका समापन सीमा गुप्ता प्राचार्य सांकरा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वित्तीय साक्षरता कार्यशाला द्वितीय दिवस का सफल संचालन



**डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता कार्यशाला द्वितीय दिवस का सफल संचालन अरुण कुमार साहू के द्वारा किया गया। डॉ. ए.के. धमगाये शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आमदनी का उचित प्रबंध करने के लिए रास्ता बताया उनका मुख्य उद्देश्य वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता से प्रशिक्षित कर जनसमुदाय तक पहुंचाना।**

कार्यशाला के द्वितीय व्याख्यान में पूनाराम सिन्हा एलआईसी एमडीआरटी ने स्वयं अपने जीवन का परिचय देते हुए व्यवसाय करने का तरीका वित्त रूप से मजबूत बनाने, इंश्योरेंस, पेंशन तथा वित्तीय सेवाओं की जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र पर उपस्थित मोहम्मद सरीफुददिन शेख सहायक उप निरीक्षक चिचोला द्वारा साइबर क्राइम गतिविधि श्रृंखला जैसे एटीएम का उपयोग करते समय सावधानी, बैंकिंग फ्रॉड होने पर 455 में शिकायत दर्ज, यातायात नियमों, नए कानून की सूचना महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं तक पहुचाएं, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं वित्तीय साक्षरता कार्यशाला से लाभान्वित हो रहे है। कार्यशाला का आभार प्रदर्शन हेमलता गायकवाड द्वारा किया गया, कार्यशाला में दीपक कुमार साहू के द्वारा छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी तथा फीडबैक लिया गया। कार्यशाला में सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी तथा पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित थे।

# संगीत नगरी खैरागढ़ मे चंद्रमौलेश्वर की निकली पालकी यात्रा, नगर भ्रमण कर वीरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण शिवमंदिर पहुंची

खैरागढ़ (दावा)। श्रावण मास के अवसर पर संगीत नगरी में राजाधिराज महाकाल महाराज अपने श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में अपनी प्रजा का हाल जानने शहर पहुंचे और किया नगर भ्रमण। शहर में भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप ने धूमधाम से नगर का भ्रमण किया।

स्वयंसेवी संस्था श्रीराम गौ सेवा समिति व बोलबम कांवड यात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में पूरा शहर भक्ति लय में लीन हो गया। यात्रा दोपहर 1 बजे से श्रीराम गौ सेवा केन्द्र किल्लापारा से प्रारंभ हुई, जो नगर भ्रमण कर वीरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण शिवमंदिर पहुंची।

### पालकी यात्रा में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा भी हुई शामिल

भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा शामिल होकर पालकी की दी कांधा। पालकी यात्रा का अपने निवास स्थान ठाकुर पारा में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष निलिमा गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पार्षद देवीने कमलेश कोठले ने किया स्वागत।

### ढोल नगाड़े की धुन में शिव तांडव, भूत-प्रेत भी हुए शामिल

यात्रा किल्लापारा से प्रारंभ होकर इतवारी बाजार, मेन रोड, राजीव चौक, गोलबाजार, बक्शी मार्ग, सोनारपारा, कुम्हार पारा, बरेठपारा, ठाकुरपारा, बांके बिहारी मंदिर, अस्पताल चौक, दंतेश्वरी मंदिर, राज फैमिली, मस्जिद रोड,जय स्तंभ चौक, नया बस स्टेंड, होते हुए शिव मंदिर रोड से वीरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां आयोजित महाआरती में सैकड़ों भक्तों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर वहां महाप्रसादी का वितरण कर पालकी यात्रा का समापन किया। शहर में निकली चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में अखाड़ा, झांझ, मंजीरा, ढोल, शिव लीला, बाबा की सवारी, भजन गायक, कीर्तन शामिल रहा। इस दौरान अखाड़ा सदस्यों ने अखाड़े के विभिन्न व्यायामों का प्रदर्शन कर शहर के विभिन्न चौक चौराहो में जमकर तालिया बटोरी। पालकी यात्रा में शामिल भगवान शंकर स्वरूप, काली स्वरूप, राक्षस, भूतप्रेत सहित शिव सेना का भी लोगो ने जगह जगह स्वागत किया जो नगरवासियों के लिए आकर्षक का केंद्र रहा।

भगवान चंद्रमौलेश्वर कि पालकी यात्रा में शामिल हुए, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पालकी को दी कांधा



### अखाड़े के साथ शिव तांडव का हुआ प्रदर्शन

बाबा की आरती के बाद चंद्रमौलेश्वर बाबा की पालकी यात्रा श्रीराम गौ सेवा केंद्र श्रीराम चौक किल्लापारा से निकली, हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद महामाया मंदिर होते हुए शीतला मंदिर में नारियल भेंट कर यात्रा आगे बढ़ी।

मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा बम्लेश्वरी मंदिर में नारियल भेंटकर राजीव चौक होते हुए गोलबाजार से बख्शी मार्ग, इतवारी बाजार कुम्हारपारा, बरेठपारा, बाके बिहारी मंदिर में हरिहर मिलन, पूजा अर्चना के बाद यात्रा रियासत कालीन दंतेश्वरी मंदिर में शिव से शक्ति का मिलन के लिए पहुंची।पालकी यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ की जगह जगह नगरवासियों ने पूजा अर्चना की। यात्रा में शामिल 12 फीट के शिव प्रतिमा भी पालकी यात्रा में आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान लोगों को पार्थिव शिवलिंग के दर्शन भी हुए। पालकी यात्रा में श्रीराम गौ सेवा समिति, बोल बम कावड़ यात्रा समिति, नगरवासी, महाकाल मंदिर सिंघोला, महाकाल सेना राजनांदगांव, अखाड़ा, संगीतकारों की टीम डीजे की धुन में शिव तांडव के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए।

# इतिहास विभाग में मनाया गया अगस्त क्रांति



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में अगस्त क्रांति मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 08 अगस्त को महात्मा गांधी ने समिति के समक्ष भारत छोड़ो आंदोलन का ऐतिहासिक प्रस्ताव रखा। कांग्रेस कार्य समिति ने गांधीजी के नेतृत्व में आंदोलन चलाने की घोषणा की। इसके उपरांत गांधीजी ने 70 मिनट तक भाषण दिया और करो या मरो का नारा जनता को दिया। गांधीजी का भाषण युगान्तकारी था। गांधीजी उस दिन ऐसे बोल रहे थे मानो उनकी अन्तरात्मा से भगवान बोल रहा हो। गांधीजी उस दिन उत्कृष्ट मानवता, विश्वव्यापी, मातृत्व शांति और मानव मात्र के प्रति रूद्रभावना से परिपूरित होकर विश्वलोक की चर्चा कर रहे थे। विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि गांधीजी आंदोलन प्रारंभ करने से पूर्व वायसराय से बात करना चाह रहे थे, किन्तु वायसराय ने मिलने से इंकार कर दिया था। 09 अगस्त को सूर्योदय से पूर्व ही कांग्रेस की कार्यकारणी के सदस्यों के साथ गांधीजी को बंदी बना लिया गया और कांग्रेस को गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया था। कांग्रेस के बड़े नेताओं के बंदी बनाये लिये जाने के पश्चात अरूणा आसफ अली, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण जैसे युवा नेताओं ने इस आंदोलन की बागदौड़ संभाली थी। कार्यक्रम का संचालन प्रो.हेमलता साहू तथा आभार डॉ.अजय शर्मा द्वारा किया गया।

# बोरी में पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजन हुआ



**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में पालक शिक्षक प्रथम मेगा बैठक का आयोजन दिनांक 06 अगस्त को पर्यवेक्षक एवं नोडल अधिकारी गंगाधर राव नायब तहसीलदार एवं संकुल प्रचार्या श्रीमती अनीता सहारे जनप्रतिनिधि लालाराम सरपंच, श्रीमती हेमपुष्पा देवांगन, श्रीमती ललिता टार्जन जनपद सदस्य राजनंदगांव, मनोज देवांगन, मोहनलाल देवांगन रतन लाल देवांगन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावकगण की उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर पालक शिक्षक मेगा बैठक में बालकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसके तहत मेरा कोना छात्र, दिनचार्य बच्चों ने आज क्या सीखा आदि बिंदुओं पर मुकेश कुमार देवांगन हेड मास्टर प्राथमिक शाला जोरा तराई ने प्रकाश डाला अन्य बिंदु पर भी चर्चा परिचर्चा पालकों और शिक्षकों के मध्य हुई।

स्वास्थ्य के संबंध में चिकित्सक सलाहकार के रूप में डॉ.पिलेश्वर साहू राजनांदगांव एवं शिक्षाविद हरक टंडन सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक बोरी द्वारा उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक चंद्रशेखर भरने, शिव कुमार मेश्राम प्रधान पाठक भाटागांव जितेंद्र कुमार देवांगन भाठागांव, सुरेंद्र कुमार साडे प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई मुकेश कुमार देवांगन प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जोरातराई, श्रीमती सुदन प्रधानपाठक अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रहे हैं। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती प्रभा सरिता लकड़ा व्याख्याता के मार्गदर्शन में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गया गया। संस्था के खेल शिक्षक उमेश दास वैष्णव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता सुश्री विभा कायरकर द्वारा की गई। आभार व्यक्त व्याख्याता महेंद्र कुमार देवांगन द्वारा किया गया।

# जन्मदिन पर अनाथ आश्रम में राशन दान देकर बच्चों को दिया उपहार



राजनांदगांव (दावा)। जन्मदिन ऐसा मानो की यादगार बन जाए आप स्वयं तो याद रखें बल्कि आपका जन्मदिन अन्य लोग भी याद रखें ऐसा जन्मदिन मनाना चाहिए। समाज सेवा की भावना से दूसरों की मदद करने की इच्छा से जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवी विनोद कुमार टेम्बुकर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित बाल गृह बालिका (अनाथ आश्रम) में राशन सामान दान किया गया और साथ ही साथ बाहर रहने वाले बच्चों को पानी बोटल व अन्य सामान उपहार में दिया गया। बालगृह हमें अनाथ बच्चों को रखा जाता है। विनोद टेम्बुकर ने बताया प्रतिवर्ष व अपने जन्मदिन पर कोई ना कोई सेवा कार्य जरूर करता है जैसे रक्तदान, पौधारोपण, दूसरों की मदद करना वृद्ध आश्रम में सेवा देना या ऐसे बच्चें जिनको वास्तव में ही किसी चीज की जरूरत है उनको मदद करना जैसे विभिन्न सेवा कार्य करते हैं। रूरल एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट यूथ फाउंडेशन के समाज सेवी साथियों के साथ मिलकर इस वर्ष विनोद टेम्बुकर ने अनाथ आश्रम में सहयोग दिया। वर्तमान में विनोद टेम्बुकर राष्ट्रीय सेवा योजना का वरिष्ठ स्वयंसेवक है और रासेयो के साथ जुड़कर लगातार वह स्वयंसेवक के रूप में सेवा कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में सहयोगी दीपक, जितेंद्र, खिलेंद्र, दीपक, दिनेश्वर, चंद्रप्रकाश, साहिल, भावेश और योगिता, नंदनी शामिल हुए।

# आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग आदिवासियों के विकास के लिए हो - ठाकुर

छुरिया (दावा)। तहसील ध्रुव गोंड़ समाज के संरक्षक, अखिल भारतीय ध्रुव गोंड़ महासभा ओड़ारबांध के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता मोचीराम ठाकुर ने आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग आदिवासियों के विकास के लिए करने के बजाय दूसरे मद पर खर्च किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग आदिवासियों के विकास के लिए करने की मांग शासन से की है।



वरिष्ठ आदिवासी नेता मोचीराम ठाकुर ने बताया कि आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग नियमानुसार आदिवासी अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में उनके विकास के लिए किया जाना चाहिए लेकिन आदिवासी उपयोजना की राशि 1650 करोड़ रूपये का खर्च महतारी वंदन योजना में कर दिया गया है जोकि उचित नहीं है। मध्यप्रदेश शासन काल में आदिवासी उपयोजना के लिए आबंटित राशि का उपयोग छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत आदि के लिए किया जाता रहा। आदिवासी नेता श्री ठाकुर ने आगे बताया कि आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग महतारी वंदन योजना में कर दिये जाने से आदिवासी क्षेत्रों के विकास कार्य बाधित हो रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि हमारे छत्तीसगढ़ में लगभग 85 से 90 लाख आदिवासियों की जनसंख्या है। जिनको आदिवासी उपयोजना की राशि का लाभ मिलना चाहिए लेकिन आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग अन्य मद पर कर दिये जाने से छत्तीसगढ़ के आदिवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहें हैं। आदिवासी नेता श्री ठाकुर ने आदिवासी उपयोजना की राशि का उपयोग सिर्फ आदिवासी हितों के लिए करने की मांग की है।

# प्रकृति के प्रति आभार प्रदर्शन करने का लोकरंगी पर्व है हरेली - पाटिला

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा स्टेट हाईस्कूल में अंग्रेजों का यूनियन जैक उतारकर तिरंगा फहराने वाले क्रांतिकारी कवि कुंजबिहारी चौबे, कवि साहित्यकार एवं ज्योतिषाचार्य पंडित सरोज द्विवेदी, महापौर श्रीमती शोभा सोनी व साहित्यकार गौरीशंकर शर्मा की स्मृति में हरेली पर्व पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला थे। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें फल, फूल, छाया व शुद्ध प्राण वायु प्रदान करते हैं। इनकी सुरक्षा करनी हम सबकी जिम्मेदारी है और पौध रोपण कर इसे बढ़ावा देना चाहिए जिससे प्रकृति के चहुंओर हरियाली बनी रहे। श्री पाटिला ने हरेली तिहार की सबको गाड़ा-गाड़ा बधाई देते हुए कहा कि श्रावण मास में चारों ओर बिखरी हरियाली को देख कर मानव मन हर्षित व उल्लासित हो उठता है और वह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, आभार जताने हरियाली का पर्व मनाता है।

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा हरेली पर्व पर नगर निगम के महंत बलरामदास टाउन हॉल में आयोजित उक्त साहित्यिक संगोष्ठी और पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त मूर्धन्यों की स्मृति में नीम अमरूद आंवला व गुड़हल के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में अ. भा. वैश्य समाज के राजेश गुप्ता अग्रहरि व युवा नेता कमल सोनी , छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष व छ. ग. राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा? ‘अमात्य’, दिग्विजय कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ‘गड़बड़’, कमला कालेज के प्रो. ओंकार लाल श्रीवास्तव, चिंतक कृष्ण कुमार द्विवेदी ,वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू,व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर ‘स्वर्गीय’, डॉ चंद्रशेखर शर्मा,आदि की उपस्थिति में किए गए पौधरोपण के दौरान भाव- विह्वल हुए कमल सोनी ने कहा कि महापौर श्रीमती शोभा सोनी उनकी बहन ही नहीं गुरु भी थी, वहीं श्री अग्रहरि ने हरियाली के प्रतीक लोक पर्व हरेली को प्रकृति के श्रृंगार का पर्व बताया। साहित्यकार जी एस शर्मा की स्मृति में पौधरोपण करते समय उनके सुपुत्र डॉ चंद्रशेखर शर्मा सहित उनके नातियों ने हाथ लगाया।

छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व आरती-वंदन सहित नीम पत्ती से बने माल्य पहनाकर किया गया। इस दौरान सभी आगत जनों का स्वागत व हरियर गुलाल व नीम पत्ती माल्य से किया गया।



कवि/साहित्यकारों के साथ बैठने से अन्याय के प्रति आवाज उठाने की ताकत मिलती है- सुरेंद्र दाऊ

हरेली पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दाऊ सुरेंद्र वैष्णव ने महंत राजा बलराम दास टाउन?हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में बेहद आत्मीयता का अनुभव करते हुए कहा कि कवि/ साहित्यकारों के साथ बैठने से उन्हें उर्जा मिलती है,अन्याय व अहंकार से लडने की ताकत मिलती है। इस अवसर पर दिग्विजय कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ श्री राय सहित प्रो. ओंकार लाल श्रीवास्तव व श्री द्विवेदी ने हरेली पर्व पर सारगर्भित उद्बोधन दिए। लौह उपकरणों की पूजा कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा ‘अमात्य’ ने हरेली पर्व के गुड़ रहस्यों को समझाते हुए इसे प्रकारांतर से शनि जयंती पर्व बताया तथा कहा कि इस दिन किसान कृषि कार्यों में उपयोगित लौह धातु वाले कृषि उपकरणों को तथा बढ़ई अपने आरी, बसुला रेंदा, पटासी हथौड़ी आदि को लोहार अपने घन हथौड़ा निहाई व राज मिस्त्री अपने कौचा, रेंदा व अन्य उपकरणों की पूजा करता है। जिसमें शनि देवता का वास माना जाता है। इसी दिन श्रावण मास की अमावस्या को शनिदेव की जयंती मनाई जाती है।

### शौर्य का खेल

वरिष्ठ साहित्यकार कुबैर साहू ने हरेली पर्व के दौरान खेले जाने वाले खेल का जिक्र किया और ‘सूर’ (नून) खेल को शौर्यता का प्रतीक खेल बताया। इस दौरान कवि ओमप्रकाश साहू ‘अंकुर’ व पवन यादव ‘पहुना’ ने हरेली पर आधार व्यक्तव्य प्रस्तुत किए, वहीं हास्य-व्यंग्य के कवि विरेंद्र तिवारी ‘वीरु’ ने सावन आगे नामक व्यंग रचना तथा गिरीश ठक्कर ने अन्य व्यंग्य कविता पढ़कर सबको लोट- पोट किया। इस दौरान साहित्य समिति के सचिव मान सिंह ‘जलज’ ने हरेली पर कविता सुनाकर वाह वाही पाई वहीं कवि एवं फिल्म निर्माता अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा , कवि रोशन साहु ‘मोखला’, राज कुमार चौधरी ‘रौना’, बलराम सिन्हा ‘रब’ आदि ने हरेली पर आधारित रचनाएं सुनाकर लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम का संचालन क्रमशः पवन यादव पहुंना, रोशन साहू व कवि मानसिंह ‘जलज’ ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन समिति के उपाध्यक्ष गिरीश ठक्कर ‘स्वर्गीय’ द्वारा किया गया।

# राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप विभागीय कार्यप्रणाली को बेहतर सुनिश्चित करें - कलेक्टर

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप विभागीय कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें, जिससे आमजनों को उसक लाभ समय पर मिल सके।

**जिले में राजस्व विभाग की जिला स्तरीय विभागीय कार्यशाला आयोजित**

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की जिला स्तरीय विभागीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यशाला में विशेष ध्यान देवें एवं प्रशिक्षण का लाभ लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं जिससे आमजन को लाभ मिल सके। कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित समस्त एस.डी.एम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और प्रस्तुतकर्ता मौजूद थे।

राजस्व विभाग की कार्यशाला में राज्य स्तर से आए हुए प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थितजनों को राजस्व विभाग से संबंधित विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, गिरदावरी, आनावारी रिपोर्ट, आरबीसी6-4, मुआवजा, सिंचित फसल, असिंचित फसल, फसल कटाई प्रयोग, ऑनलाईन दर्ज प्रकरणों का निराकरण, समय के प्रकरणों का समय पर निराकरण, आय व निवास प्रमाण पत्र आदि के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों और शंकाओं का भी निराकरण किया।

# मोतीपुर से निकली बाबा महाकाल पालकी यात्रा की रही धूम

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के प्रति सोमवार को शहर में चन्द्रमौलेश्वर बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जा रही है। इस बार महाकाल के सेवकों द्वारा गुरूवार को मोतीपुर बापूटोला रोड स्थित शिव मंदिर से धूमधाम के साथ बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव द्वारा बाबा महाकाल की पूजा अर्चना कर निकाली गई बाबा की पालकी यात्रा सैकड़ों महाकाल भक्तों की उपस्थिति बनी रही।

बाजे गाजे के साथ ममता नगर, तुलसीपुर होते हुए गुजरी पालकी यात्रा का वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी द्वारा अपने गृह निवास के समीप पूजा-अर्चना कर शोभा यात्रियों का भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान ऋषिदेव चौधरी (बउवा) व उनके घर-परिवार के सदस्य महाकाल की पूजन के लिए उपस्थित रहे। मोतीपुर के अंडर ब्रिज से होते हुए ममता नगर रोड से सायं 4.30 बजे गुजरी बाबा महाकाल पालकी यात्रा के दर्शन के लिए बाबा महाकाल के भक्तजन पलक-पावड़े बिछाए हुए खड़े थे। बाबा महाकाल की पगड़ी यात्रा के स्वागत के लिए कई संस्था संगठनों द्वारा ममता नगर रोड में आकर्षक मंच बनाए गए थे। जहां बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रियों में खीर-पूड़ी सहित आलू पोहा व अन्य स्वल्पाहार सहित शीतल पेयजल का वितरण किया गया।

## पालकी यात्रा में आदिवासी नृत्य पंथी नृत्य राउत नाचा व अघोर नृत्य रहे आकर्षण के केन्द्र



आदिवासी नृत्य, पंथीनृत्य व राउत नाचा भी आकर्षण के केन्द्र बने रहे। इस दौरान खास कर युवतियों का झांझ वादन व शिवभक्ति में मगन होकर उनकी नृत्य किया जाना भी लोगों का मन मोह लिया। बाबा जी की शोभायात्रा के साथ एक से बढ़कर एक शिव भजनों की प्रस्तुति देते जस गायक अभ्यास यादव भी लोगों का मन मोहते रहे। इस दौरान पालकी यात्रा के साथ महाकाल भक्त सेना के युवा नेता व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, महाकाल मंदिर समिति सिंघोला के पवन डागा, राजेश डागा, आशीष गुप्ता (मुन्ना), किसुन यदु, संतोष पिल्ले, मोंटू यादव, पूर्व पार्षद दीपक चौहान, आलोक बिन्दल, संजय तेजवानी, संतोष किशुन यदु, दयावान देवांगन, जयनारायण सिंह, राजा माखीजा, अनूप श्रीवास सहित बड़ी संख्या में महाकाल के भक्त जन उपस्थित थे।

### अघोरी नृत्य रहे आकर्षण के केन्द्र

गुरूवार को मोतीपुर बापूटोला रोड स्थित शिव मंदिर से पूजा पाठ कर निकली बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा में भगवान शिव के गण भूत प्रेत का रूप धरे कलाकारों के अलावा शरीर पर राख लगाए अघोरियों का नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। वही शोभायात्रा में बाजे-गाजे के साथ चल रहे

### भक्तों की उमड़ी भीड़

बता दें कि महाकाल की पगड़ी यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों में खास कर पहनावे को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान बाबा महाकाल की पालकी को कांधा देने के लिए माथे पर चन्दन लगाए भक्तों ने धोती कुरता वाली पारम्परिक वेषभूषा पहन रखी थी जो आकर्षण के केन्द्र बने रहे। शोभायात्रा मे बाबा महाकाल की भव्य प्रतिमा का लोगों ने पूजा-अर्चना की वही भगवान भोले शंकर शिव के अनेक रूपों में सजे लोक कलाकारों नेअपने प्रदर्शनों से लोगों का मन मोहते रहे। इस दौरान महाकाल की भक्ति में सने भजन-कीर्तन करते हुए महिलाएं, पुरूष युवा व बच्चे ढोल नगाड़े, झांझ-मंजीरे के साथ झूमते नाचते आनंद का सृजन कर रहे थे। मोतीपुर में धूमधाम के साथ निकली बाबा महाकाल पगड़ी यात्रा को देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ रही। महाकाल यात्रा का धूमधाम के साथ वार्ड भ्रमण पश्चात बीएनसी मिल रोड स्थित संगम चौक के शिव मंदिर में पूजा-आरती के पश्चात रात्रि विश्राम किया गया।

# वन विभाग में शासकीय राशि का बंदरबांट: खाना बनाया कर्मचारियों ने, हलवाई के नाम निकली राशि

डोंगरगाँव (दावा)। वन विभाग में शासकीय राशि का बंदरबांट अधिकारी कर्मचारी किस तरह करते हैं, इसका एक बड़ा उदाहरण सूचना के अधिकार में जानकारी के माध्यम से आया है। जिसमें विभिन्न मदों में बड़ी राशियों को बगैर किसी पक्के बिल और किसी निविदा के फर्जी उपस्थिति संख्या के आधार पर हलवाई को लगभग एक लाख रूपये का भुगतान कर दिया गया, इसके अलावा अन्य खर्चों में बाजार भाव के काफी अधिक दरों के फर्जी बिल लगाकर इस मद में जारी 1 लाख 78 हजार रूपये को पूरा खर्च बता दिया गया है।

सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 23-24 परिक्षेत्र खुज्जी के अंतर्गत हाईटेक नर्सरी दर्री आयोजित त्रिदिवसीय संयुक्त वन प्रबंधन सुदृढ़ीकरण, आस्था मूलक, क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए शासन व्दारा 1 लाख 78 हजार रूपये स्वीकृत किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार टेंट हाऊस को पंडाल, माईक सेट आदि के लिए 46445 रूपये, मास्टर ट्रेनर के लिए 10000 रूपये, जंगल सफारी एवं मनगटा वन चेतना केन्द्र मुड़ीपार सफारी भ्रमण हेतु बस किराया 15000 रूपये, 24 वर्गफीट फ्लैक्स बनाने के लिए 500 रूपये, फूल माला के लिए 1000 रूपये, आमंत्रण व साधारण डायरी, डायरी व पेन के लिए 26000 रूपये का आहरण किया गया है. इन सभी के लिए बगैर जीएसटी के साधरण बिल लगाये गए हैं। सबसे बड़ा खेल कैटरिंग व हलवाई के भुगतान में किया गया है जिसमें एक बिल 248 व्यक्तियों के भोजन के लिए दिनांक 13 से 15 मार्च 2024 को हुए कार्यक्रम में 163 रूपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से 40424 का बिल क्रमांक 108 लगाया गया है. जबकि इसी दिनांक को इसी फर्म का दूसरा बिल क्रमांक 110 इसी दिनांक के लिए 237 व्यक्तियों के लिए पुनः 38631 रूपये का बिल लगातार आहरण किया गया है, बता दें कि सूचना के अधिकार के माध्यम से निकाले गए दस्तावेज में 112 लोगों की उपस्थिति दर्शायी गई है।

कार्यक्रम के दौरान न तो वहाँ हलवाई और कैटरिंग के व्यक्ति थे और न ही इससे संबंधित किसी व्यक्ति ने यहाँ अपनी सेवा दी है, विभाग के द्वारा अस्थाई रूप से कार्यरत कर्मचारियों को पूरे आयोजन में भोजन बनाने का जिम्मा सौंपा था और उन्होंने तीनों दिवस भोजन बनाया, भोजन बनाने वाले एक कर्मचारी के अनुसार विभाग द्वारा उसे 3000 रूपये बनाने के लिए मेहनताना व मजदूरी भुगतान देने के लिए कहा गया था लेकिन इसमें भी विभाग ने मात्र 1000 रूपये देकर रवाना कर दिया गया. इधर लगाए गए हलवाई के फर्जी बिल में उपस्थिति का आंकड़ा मेल नहीं होने के साथ ही एक ही दिनांक में दो बिलों की स्वीकृति और आहरण विभाग के क्रियाकलापों पर सवालिया निशान लगाते हैं। लाखों का बिल आहरण बगैर विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की मिली भगत के संभव नहीं है. वहीं इतने बड़े बजट के आयोजनों में भंडार क्रय अधिनियम की अवहेलना करते हुए विभाग द्वारा फर्जी बिलों के आहरण तथा फर्जी बिल देने वाले संबंधित हलवाई पर भी आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

# जुआं में पकड़े गए प्रधानपाठक के साथ अन्य दो शिक्षक निलंबित

## खबरों के प्रकाशन के बाद हुई कार्यवाही

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला गिरगांव के प्रधानपाठक राजकुमार ठाकुर सहित अन्य दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा जारी आदेश में राजकुमार ठाकुर को जहां समाचार में प्रमुखता से प्रकाशित खबर करियाटोला स्कूल के समीप में जुआ खेलते पकड़े जाने और डोंगरगांव पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने की वजह से गरिमामय शासकीय पद में होते हुए असंवैधानिक कृत्य को अंजाम देने को गंभीर कदाचरण माना गया और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरित मानते हुए निलंबित किया गया है, वहीं निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय बीईओ छुरिया दिया गया है। अन्य दो निलंबित शिक्षकों में श्रीमती सुचिता साहू सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला जारवाही एवं पारख प्रकाश सोनबोईर सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला जारवाही को निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से अभद्रता, शाला में आदतन अनियमित उपस्थिति, बच्चों के पढ़ाने के स्थान पर मोबाइल में व्यस्त रहना, साथ ही शाला के विद्यार्थियों की दक्षता में कमी जैसे अनेक कार्यों में घोर लापरवाही व अनुशासनहीनता के चलते निलंबित किया गया है. इसमें सुचिता साहू को निलंबन अवधि में बीईओ कार्यालय राजनांदगांव में एवं पारख प्रकाश सोनबोईर को बीईओ कार्यालय छुरिया में मुख्यालय दिया गया है।

# देश खतरों से घिरा हुआ है, राष्ट्रीयता को मजबूत करने की जरूरत-अवधेश चंदेल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के महत्वपूर्ण अभियान हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा तथा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आज दोपहर जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक को संबोधित करते हुये जिला प्रभारी अवधेश चंदेल ने कहा कि देश की सीमाएं चारों ओर खतरो से घिरी हुई है, पड़ोसी मुल्कों के हालातों की चर्चा करते हुये कहा कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश में अराजकता का माहौल है, इन देशों से हमारी सीमाएं हजारों किलोमीटर की है, इसलिये इन देशों में अशांति के खतरे से हम भी महफूज नहीं है, अतएव अब समय आ गया है जब देश की राष्ट्रीयता को मजबूत किया जाये, जब देश सुरक्षित होगा तब यहॉ के लोग भी सुरक्षित महसूस कर पायेंगे। उन्होनें पार्टी के तिरंगा यात्रा व हर-घर तिरंगा अभियान पर बोलते हुये कहा कि




देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का यह सुनहरा अवसर आया है, जब हम तिरंगे की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्रवाद की ज्वाला खड़ी करें।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैठक के प्रारंभ में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, फिर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया इसके बाद तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने कार्यक्रम का विवरण जारी करते हुये कहा कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों 11 से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा, जो कम से कम 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, यह कार्यक्रम युवा मोर्चे की अग्रणी भूमिका आयोजित होगा। इसी प्रकार 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास के स्थानों को साफ किया जायेगा तथा 13 से 15 अगस्त के मध्य महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण किया जायेगा।

मूलचंद लोधी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने की जानकारी देते हुये बताया कि देश की नई पीढ़ी को विभाजन के बाद हुये कत्लेआम व दुखद घटनाओं की जानकारी का अभाव है, इसलिये इस अवसर पर इस कार्यक्रम के माध्यम से विभाजन के दौरान लाखों विस्थापितों के दुख व पीड़ा भरे बातों से अवगत कराया जायेगा। श्री लोधी ने आगे बताया कि 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता नागरिकों के साथ सहभागिता करके हर-घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, इस कार्यक्रम की सफलता के लिये कल व परसों दो दिनों तक मंडल स्तर पर बैठकें हो रही है ताकि बूथ स्तर तक जाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकें। बैठक में एक पेड़ माँ के नाम के जिला संयोजक सावन वर्मा ने अभियान से जुड़े तथ्यों को रखा।

बैठक में मधुसूदन यादव, भरत वर्मा, रामजी भारती, चन्द्रिका डडसेना, विनोद खाण्डेकर, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, राजेन्द्र गोलछा, कोमल सिंह राजपूत, धनराज ठाकुर, कैलाश शर्मा, हिरेन्द्र साहू, मोनू बहादुर, रघुवीर वाधवा सहित सभी मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, युवा मोर्चा व जिला भाजपा के पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव व आभार प्रदर्शन कैलाश शर्मा ने किया।

# 11वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैम्पियनशिप बोधगया बिहार हेतु छत्तीसगढ़ टीम रवाना

## राष्ट्रीय बीच कबड्डी बोध गया में 9 से 11 अगस्त को होगा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि 11वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी बोधगया बिहार में 9 से 11 अगस्त को होगा इसके लिए छत्तीसगढ़ की टीम बनाई गई जिसमें लड़कों की टीम में राजनांदगांव से दो लड़के एवं लड़कियों की टीम में चार लड़कियों का सिलेक्ट हुआ है ज्ञात हो की बीच कबड्डी में एक टीम में केवल छह खिलाड़ी होते हैं जिसमें चार प्लेईंग में रहते हैं और दो एक्स्ट्रा प्लेयर होते हैं लड़के लड़कियों की दोनों टीम मिलकर 12 बच्चे होते हैं जिसमें 6 बच्चें राजनांदगांव से हैं दसवीं बीच कबड्डी में छत्तीसगढ़ की टीम ने कांस्य पदक जीता था वर्तमान टीम अच्छी बनी है और हम उम्मीद करते हैं इस वर्ष भी मेडल प्राप्त करेंगे इसके लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिए हैं।

# कसौंधन वैश्य समाज ने श्री बागेश्वर महोत्सव धूमधाम से मनाया



डोंगरगांव (दावा)। नगर के श्रीबागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज डोंगरगांव द्वारा प्रतिवर्षानुसार श्री बागेश्वर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, श्रावण मास के तृतीय सोमवार को 5 अगस्त को पंचमुखी भगवान शंकर श्री बागेश्वर बाबा का पूजन एवं 5 पार्थिव शिवलिंगों स्थापना कर विधि-विधान से पूजन अर्चन व अभिषेक पूरे समाज के परिवारों ने किया, नगर के सामाजिक भवन में जुटे समाज के सभी महिला, पुरूष व बच्चों ने पूजन पश्चात एक साथ प्रसादी ग्रहण किया तथा बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा के साथ सामाजिक भवन से निकलकर गौरव पथ, पुराने बस स्टैण्ड, सदर लाईन, फौव्वारा चौक होते हुए कालेज रोड स्थित तालाब में मूर्ति के साथ सभी शिवलिंगों को श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों और महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

आयोजन में प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, शारदा प्रसाद गुप्ता, महेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता (अर्जुनी), बृजमोहन गुप्ता(लल्लू), रमेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, संतोष गुप्ता, हरिप्रसाद गुप्ता, हितेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, गोविन्द प्रसाद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, कमलनारायण गुप्ता, मनीष गुप्ता (बगदई), दिनेश गुप्ता, जगतनारायण गुप्ता (अं.चौकी), संतोष गुप्ता (गिरगांव), रोहित गुप्ता, राकेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, आकाश गुप्ता सहित संपूर्ण परिवारों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी होने वाला बयान कांग्रेस के शर्मनाक

○ प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने सलमान खुर्शीद और सज्जन वर्मा के बयानों पर किया कड़ा ऐतराज
○ भारत में भी अराजकता फैले, उपद्रव हों, दंगे हों, इसका पूरा षड्यंत्र कांग्रेस रच रही है, ऐसा उनके बयानों से बार-बार लग रहा है और ऐसे बयानों पर कांग्रेस का आलाकमान कार्रवाई नहीं करता

## अलोकतांत्रिक और नए-नए अराजकतावादी राजनीतिक चरित्र का परिचायक : भाजपा

रायपुर (दावा)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने कांग्रेस नेता व पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और मध्यप्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता व पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी होने वाले बयानों को कांग्रेस के नितांत शर्मनाक, अलोकतांत्रिक और नए-नए अराजकतावादी राजनीतिक चरित्र का परिचायक बताया है।

श्री वर्मा ने कहा कि पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान ही कांग्रेस अपने अनुकूल परिणाम नहीं आने पर देश में आग लगने जैसे धमकी भरे बयान देती रही और अब चुनावों में करारी शिकस्त खाने के बाद देशविरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली बनकर कांग्रेस अपने इसी टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री



श्री वर्मा ने कहा कि मप्र कांग्रेस के नेता वर्मा द्वारा यह कहा जाना कि, जैसे बांग्लादेश में प्रधानमंत्री आवास में लोग घुसे हैं, ठीक वैसे ही प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों की वजह से उनके आवास में भी घुसेंगे, यह बहुत आपत्तिजनक बयान है। इसी तरह का बयान खुर्शीद ने भी दिया है। कांग्रेस के केंद्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व के इन बयानों पर मौन पर हैरत जताते हुए श्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेताओं से सवाल किया कि मप्र कांग्रेस नेता वर्मा पर राहुल गांधी ने तो कार्रवाई नहीं की, क्या भूपेश बघेल, चरणदास महंत, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी ऐसे बयानों से सहमति जताते हैं? श्री वर्मा ने दोटूक कहा कि कांग्रेस लंबे समय से देश में अराजकता का माहौल पैदा करने के प्रयास कर रही है।

कांग्रेस की शह पर लगातार प्रधानमंत्री श्री मोदी के मरने-मारने के बयान जारी हो रहे हैं- मोदी तेरी कब्र खुदेगी, मोदी को डंडे से मारो; और अब प्रधानमंत्री आवास में घुसने की बात कहकर कांग्रेस के बड़े नेता संविधान के साथ-साथ देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को चुनौती दे रहे हैं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com